# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। बुधवार 18 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 339 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## केजरीवाल ने सीएम पद से दिया इस्तीफा
## आतिशी होंगी दिल्ली की नई सीएम



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को उपराज्यपाल वी के सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद आम आदमी पार्टी द्वारा उनकी उत्तराधिकारी घोषित की गईं आतिशी ने नई सरकार बनाने का अपना दावा पेश किया। केजरीवाल मंगलवार शाम को अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ उपराज्यपाल सचिवालय पहुंचे। उन्होंने रविवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी।

सीएम चुने जाने के बाद आतिशी ने कहा, "जब तक मैं सीएम हूं, मेरा एक ही मकसद है कि अरविंद केजरीवाल को दोबारा सीएम बनाना है। साथ ही मैं दिल्ली के लोगों की रक्षा करने की कोशिश करुंगी। मैं अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में काम करुंगी।"

अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे पर आतिशी ने कहा, मुझे इस बात का दुख भी है कि आज अरविंद केजरीवाल इस्तीफा दे रहे हैं। मैं आज दिल्ली की दो करोड़ जनता की तरफ से यही कहना चाहती हूं कि दिल्ली का एक ही मुख्यमंत्री है और उसका नाम अरविंद केजरीवाल है। इससे पहले गोपाल राय ने कहा कि आतिशी मुश्किल हालात में दिल्ली की सीएम बन रही हैं।

गोपाल राय ने आरोप लगाया, बीजेपी ने आम आदमी पार्टी को तोड़ने और सरकार को गिराने की कोशिश की। लेकिन हमने उनकी हर कोशिश को नाकाम कर दिया।" अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी को नया मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पार्टी के विधायक दल की बैठक में सहमति बनी। विधायक दल की बैठक में खुद अरविंद केजरीवाल ने आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा।






# केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक पौधा मां के नाम लगाकर किया अभियान का शुभारंभ

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर दिया सड़क मंत्री ने पर्यावरण स्थिरता का संदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को दुहाई इंटरचेंज पर पौधरोपण किया। दुहाई इंटरचेंज पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तत्वावधान में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और नेशनल हाईवेज इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल 'एक पेड़ मां के नाम' की स्मृति में एक राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, एनएचएआई और एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों द्वारा दुहाई इंटरचेंज पर एक हजार पौधे लगाए गए। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर पर्यावरण स्थिरता का संदेश देते हुए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, एनएचएआई और एनएचआईडीसीएल के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों ने भी अपने-अपने स्थानों पर पौधरोपण अभियान चलाया।







हरित राजमार्ग विकसित कर रहा एनएचएआई हरित राजमार्ग विकसित करने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और सड़क परिवहन और राजमार्ग एवं कॉर्पोरेट मामलों के राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन और एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव के साथ गाजियाबाद में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के दुहाई इंटरचेंज पर पौधरोपण कर राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर मेरठ मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे, गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय मिश्र और डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने पौधरोपण अभियान में भाग लिया।

### गडकरी ने कहा ठेकेदारों को करेंगे ब्लैकलिस्टिड और करेंगे बैंक गारंटी जब्त


करंट क्राइम। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को गाजियाबाद में थे। उनके साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव मौजूद थे। नेशनल हाईवेज इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के पदाधिकारी थे और यहां नितिन गडकरी का पारा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे की हालत को लेकर हाई हो गया। उन्होंने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के मेंटिनेंस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अब रोड़ का रिकार्ड बहुत हो गया और हम विश्व का सबसे बड़ा रोड़ नेटवर्क बन गये हैं। उन्होंने कहा कि अब हमें लोगों को रिटायर और सस्पेंड करने का रिकार्ड बनाना है। उन्होंने कहा कि अच्छा काम करोगे तो अवार्ड देंगे लेकिन अब हम ठेकेदारों को लैकलिस्टिड कर बैंक गारंटी जब्त करेंगे। ऐसा हाल करेंगे कि कहीं कान्ट्रैक्ट नहीं ले पायेंगे। मेरी बात गंभीरता से लो। मैने राज्यमंत्री को कहा है कि अब रोड पर घूमों।

### जब मंत्री ने दिलाई स्वच्छता की शपथ और की अपील बायोडीजल वाहन खरीदने की

करंट क्राइम। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली मेरठ हाईवे में भी कचरे से रोड बनाने में मैंने बहुत मेहनत की लेकिन सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि मैं जिस गाड़ी से चलता हूं वो पराली से बने ईंधन से चलती है। देश में कचरे के लिए झगड़े होने चाहिए। ये हो सकते हैं जब कचरे की वैल्यू क्रिएट होगी। हमने दिल्ली की गाजीपुर लैंड फिल साईट का कचरा दिल्ली मुबंई हाईवे में रोड बनाने में इस्तेमाल किया है। हाईवे निर्माण में मिट्टी डालने से पर्यावरण को नुकसान होता है। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और लोगों से अपील की कि पेट्रोल-डीजल की बजाय बायोडीजल गाड़ी खरीदिये।

# हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर भड़के पूर्व मेयर अशु वर्मा

## कहा नहीं होने देंगे शहर की जनता का मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मेयर अशु वर्मा जनता से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय खुलकर रखते हैं। वो भी पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी की तरह कई बार सच्चाई को तल्ख शब्दों में रखते हैं। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर अपनी राय रखी और उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा कि नगरवासियों का हित सर्वप्रथम है। एक साथ इतना टैक्स नहीं बढ़ा सकते। जमकर विरोध हो। इस बात को उन्होंने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी को हैशटैग किया। सोशल मीडिया पर अपनी इस प्रतिक्रिया के बाद उन्होंने दैनिक करंट क्राइम से बात की। उन्होंने कहा कि जनता का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। पूर्व मेयर के तेवर तल्ख और बेबाक थे। उन्होंने कहा कि शहर के कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बताया कि उनका हाउस टैक्स बिल चार से सात गुना आया है। पूर्व मेयर ने अपनी पोस्ट में ये निवेदन भी किया कि बोर्ड बैठक में महापौर व पार्षदों से निवेदन है कि कर बढ़ोत्तरी का खुलकर विरोध हो। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने बताया कि उनके जानकार लोगों को नोटिस मिले हैं और जिस व्यक्ति का टैक्स पहले 23 हजार रूपये आ रहा था अब उसी व्यक्ति को एक लाख 23 हजार का टैक्स निर्धारण कर भेजा गया है।



उन्होंने कहा ये तो वो लोग हैं जो मुझे जानते हैं वरना ऐसे कितने लोग हैं जिन्हें कई गुना टैक्स बढ़ाकर भेज दिया और वो बता भी नहीं पा रहे हैं। पूर्व मेयर ने कहा ये जनता का उत्पीड़न है हम किसी भी कीमत पर जनता का मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न नहीं होने देंगे। टैक्स के ये नोटिस और टैक्स देने का दबाव ऐसा है कि जनता खौफ में है। ये कौन सा तरीका है कि पहले टैक्स बढ़ाकर भेजो और बाद में फिर उसे मैनेज करो। उन्होंने कहा कि मैं मेयर रहा हूं और टैक्स के इस खेल को बखूबी जानता हूं। मैं भाजपा का कार्यकर्ता होने के नाते, मैं इस शहर का पूर्व मेयर होने के नाते जनता के साथ हूं और मैं अपनी मेयर सुनीता दयाल के साथ हूं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का क्या है, ये तो चले जायेंगे लेकिन जनप्रतिनिधियों को जनता के साथ रहना है। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने ऐलानी अंदाज में कहा कि बढ़े हुए टैक्स के विरोध में आर-पार की लड़ाई लड़ी जायेगी।

# मुख्यमंत्री योगी देने आ रहे हैं आज

## 15 हजार युवाओं को रोजगार की सौगात

### घंटाघर राम रामलीला मैदान से देंगे 757 करोड़ की 111 सौगात

#### एक घंटे कार्यक्रम में रहेंगे उपस्थित और एक घंटा करेंगे कार्यकर्ताओं से बात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित हो रहे वृहत रोजगार मेले में भाग लेने के लिए गाजियाबाद में दो घंटे मौजूद रहेंगे। बताया जा रहा है कि करीब एक घंटे वो रोजगार मेले वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। तो एक घंटे उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा के उपचुनाव को लेकर गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के साथ कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद के लोगों को 757 करोड़ की 111 परियोजनाओं की सौगात देंगे। जिसमें 503 करोड़ की 69 परियोजनाओं का शिलान्यास और 254 करोड़ की 43 परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामलीला मैदान के वृहत रोजगार मिले में उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं को टैबलेट और स्मार्ट फोन भी वितरित करेंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से डूडाहेड़ा का 50 बेड का अस्पताल भी शामिल है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल और आसपास के जिलों की फोर्स के साथ ही चिकित्सकों, डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते ने रामलीला मैदान को कवर कर लिया है।



### रोजगार मेले में 15,000 को मिल सकती हैं नौकरी

करंट क्राइम : रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें 100 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लें रही हैं। 15 हजार से अधिक रिक्तियों के लिए साक्षात्कार होगा। इसके लिए अभी तक 11 हजार युवाओं ने पंजीकरण करा लिया है। सीडीओ अभिनव गोपाल ने बताया कि इन नौकरियों के लिए वेतनमान 10,000 से लेकर 25,000 प्रतिमाह है। इसके लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष तक की है और शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल से स्नातक तक है। आईटीआई, डिप्लोमा किए हुए युवा भी प्रतिभाग कर सकते हैं। कौशल विकास मिशन योजना के तहत छह हजार पुणाओं को टेवलेट और स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे। इसके लिए सभी शैक्षणिक संस्थाओं से सूची मांगी गई है।



### इनका होगा लोकार्पण

- इंडाहेड़ा स्थित 50 बेड का अस्पताल
- राजकीय महाविद्यालय, मोदीनगर
- विकास खंड भोजपुर में सभागार
- धौलाना के मुकीमपुर में कस्तूरबा गांधी
- एकेडमिक ब्लॉक और छात्रावास
- जापुरम निडोरी में राजकीय इंटर कॉलेज
- समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय
- साहिबाबाद साइट-4 में वाटर हघड्रेट
- लोनी असालतपुर में सद्भाव मंडप
- 220 केवी उपकेंद्र मोरटा
- मुरादनगर के घूमेश्वर मंदिर में पर्यटन विकास के कार्य

### इनका होगा शिलान्यास

- विजयनगर में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सेफ सिटी के तहत इंटिग्रेटेड सीसीटीवी कैमरे
- आधुनिक कारकस प्लांट
- बायोडायवर्सिटी पार्क
- आईटीएमएस परियोजना का कार्य
- 220 केवी उपकेंद्र वसुंधरा
- राजकीय आयुर्वेदिक यूनानी चिकित्सालय
- राजनगर एक्सटेंशन स्थित बंधा रोड से चार्म्स
- कैसल तक सड़क और नाला
- राजनगर एक्सटेंशन में भट्टा नंबर पांच से
- अग्रवाल हाइट्स तक सीवरेज एवं ड्रेनेज का काम
- मोदीनगर में चार लेन का उपरगामी सेतु

### आठ थानाक्षेत्रों को लेकर विशेष अलर्ट

करंट क्राइम : घंटाघर रामलीला मैदान में बुधवार को मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने नगर कोतवाली समेत आठ थानाक्षेत्रों को नो ड्रोन जोन घोषित किया है। इस दौरान बिना अनुमति डोन, पैराग्लाइडर हॉट बैलून समेत अन्य कोई भी उड़ने वाले उपकरण उड़ाते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। आईपीएस अधिकारी दिनेश कुमार पी ने बताया कि नगर कोतवाली, विजयनगर, नंदग्राम, सिहानी गेट, कविनगर, इंदिरापुरम, कौशांबी, साहिवाबाद थाना क्षेत्र की नो ड्रोन जोन घोषित किया गया है। कार्यक्रम के आयोज कोई भी उपकरण उड़ाना चाहते हैं या वीडियोग्राफी करन चाहते हैं तो थाने से अनुमति लेनी होगी।

### घंटाघर रामलीला मैदान की ओर नहीं जा सकेंगे वाहन, सीएम के चलते रहेगा वीवीआईपी मूवमेंट, जाम से बचें




करंट क्राइम : घंटाघर रामलीला मैदान में आज होने जा रहे रोजगार मेले में मुख्यमंत्री के लिए रूट डायवर्जन प्लान शहीद स्थल न्यू बस अड्डा मेट्रो स्टेशन से चौधरी मोड़ तक ई- रिक्शा, ऑटो, मालबाहक वाहन, बसें नहीं जाएंगी। योगी आदित्यनाथ के आगमन के मद्देनजर पुलिस ने रूट डायवर्जन जारी किया है। 18 सितंबर बुधवार की सुबह सात बजे से जीटी रोड पर घंटाघर रामलीला मैदान की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। एडीसीपी यातायात पीयूष सिंह ने बताया कि रूट डायवर्जन के दौरान वैक्लपिक मार्गों का इस्तेमाल करें। कार्यक्रम में जाने के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पी-1 और पी-2 पार्किंग में वाहन की पार्किंग पास के आधार पर की जाएगी। असुविधा की स्थिति में यातायात नियंत्रण कक्ष-9643322904, 0120-2986100 और यातायात निरीक्षक मुख्यालय 7007847097 पर कॉल कर सकते हैं।

# जब केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी आये जनरल के साथ गाजियाबाद

## ना सांसद, ना मेयर, ना विधायक पहुंचे, क्या ये था कोई इत्तेफाक




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को गाजियाबाद आये। नितिन गडकरी भाजपा की राजनीति का बड़ा चेहरा हैं। वो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं और सड़क परिवहन से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग की कैबिनेट के मंत्री हैं। जाहिर तौर पर उनका कार्यक्रम सरकारी है और ये अचानक नहीं बनता है। उनका कार्यक्रम बना है तो इसकी सूचना आई होगी और भाजपा में ये परम्परा है कि यहां भले ही सरकारी हो लेकिन उसमें भाजपा वाले भागीदारी करते हैं। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम आज है और मंच पर संगठन से लेकर विधायक और सांसद भी दिखाई देंगे। ऐसे में ये चर्चा पूरी भाजपा में रही कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को जब गाजियाबाद के पूर्व सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के साथ गाजियाबाद आये तो यहां ऐसा क्या इत्तेफाक रहा कि भाजपा के सांसद, विधायक और मंत्री ही नजर नहीं आये। ऐसा क्या हो गया कि इनके दीदार नहीं हुए। पौधा भी लगा लेकिन फूल वाले नहीं दिखाई दिये। नितिन गडकरी केन्द्रीय मंत्री हैं और इसकी सूचना तो आई होगी। उनके साथ कार्यक्रम में गाजियाबाद के पूर्व लोकसभा सांसद तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह आये। ये इत्तेफाक रहा कि लोकसभा सांसद से लेकर विधायक तक नजर नहीं आये। ये तब हुआ जब सभी गाजियाबाद में थे।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग गाजियाबाद में थे। मेयर सुनीता दयाल गाजियाबाद में थी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से लेकर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप नहीं दिखाई दिये। महानगर अध्यक्ष नहीं आये, जिलाध्यक्ष नहीं आये। सवाल यही उठा कि क्या कोई कम्यूनिकेशन गैप है या फिर ये ऐसा इत्तेफाक है कि जनरली अभी तक खत्म ही नहीं हो रहा है।

### विधानसभा के विधायक भी नजर नहीं आये

करंट क्राइम। सांसद शहर में, मेयर शहर में और मंत्री शहर में लेकिन फिर भी केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यक्रम में कोई नहीं पहुंचा। कमाल तो ये हुआ कि कार्यक्रम मुरादनगर विधानसभा में था और मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी भी इस कार्यक्रम में कहीं नजर नहीं आये। उनके भी पूरे कार्यक्रम में दीदार नहीं हुए।

### नहीं मिली कोई सूचना और ना ही थी कोई जानकारी : अतुल गर्ग

करंट क्राइम। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी गाजियाबाद आ रहे हैं। वो प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर एक पौधा मां के नाम लगा रहे हैं। मगर इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद नहीं है। पौधा लग रहा है और फूल वाले सांसद ही नहीं है। दैनिक करंट क्राइम ने जब इस अनुपस्थिति को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बात की तो उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की कोई सूचना उन्हें नहीं मिली थी और ना ही उन्हें कोई जानकारी इस सम्बन्ध में दी गई थी।

# दिल्ली की तीसरी महिला सीएम होंगी आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी होंगी। मंगलवार को केजरीवाल के आवास पर विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक में आतिशी के नाम का प्रस्ताव केजरीवाल ने सभी विधायकों के सामने रखा। जिसका सभी विधायकों ने समर्थन किया। रेस में उनका नाम सबसे आगे भी चल रहा था। आतिशी पंजाबी परिवार से ताल्लुक रखती है। उनकी प्रारंभिक पढ़ाई दिल्ली में हुई है। और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट हैं।



जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली में अभी तक सात मुख्यमंत्री रहे हैं। जिसमें से दो महिला मुख्यमंत्रियों ने सीएम की कुर्सी संभाल चुकी हैं। आतिशी दिल्ली की आठवीं मुख्यमंत्री होंगी और महिलाओं की सूची में तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। राजधानी दिल्ली को एक और महिला मुख्यमंत्री मिलने जा रही है। आम आदमी पार्टी ने आतिशी को नई मुख्यमंत्री को तौर पर चुना है। उनसे पहले भाजपा की ओर से सुषमा स्वराज और कांग्रेस की ओर से शीला दीक्षित दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। सबसे लंबा कार्यकाल शीला दीक्षित का रहा।

आतिशी शुरू से ही दिल्ली की शिक्षा क्रांति का महत्वपूर्ण चेहरा रही हैं। यह सभी जानते हैं कि शिक्षा मंत्री के तौर पर मनीष सिसोदिया ने जो काम किए उसमें आतिशी ने उन्हें काफी सहयोग किया। आतिशी ही मनीष सिसोदिया की सलाहकार रही हैं और हर रणनीति उन्होंने ही बनाई है। लेकिन अप्रैल 2018 में उन्हें इस पद से हटा दिया गया था। आम आदमी पार्टी में की महिला नेता आतिशी एक होनहार स्टूडेंट, बेहतरीन टीचर होने के साथ ही शैक्षणिक योग्यता में भी अव्वल हैं। वह ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से स्नातक हैं। वह शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने के लिए जानी जाती हैं। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में सुधार का सबसे बड़ा श्रेय आतिशी को दिया जाता है। वह आप की राजनीति मामलों की समिति की सदस्य भी हैं।

साल 2020 में आतिशी पहली बार कालकाजी विधानसभा सीट से विधायक चुनी गईं। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार धर्मवीर सिंह को 11 हजार 393 वोटों से मात दी थी। आतिशी का जन्म दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विजय कुमार सिंह और त्रिप्ता वाही के घर 8 जून 1981 को हुआ। आतिशी ने नई दिल्ली के स्प्रिंगडेल स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। आतिशी ने सेंट स्टीफंस कॉलेज में इतिहास की पढ़ाई की। इसके बाद ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में शेवनिंग छात्रवृत्ति पर मास्टर की डिग्री हासिल की। कुछ साल बाद उन्होंने ऑक्सफोर्ड से शैक्षिक अनुसंधान में रोड्स स्कॉलर के रूप में अपनी दूसरी मास्टर डिग्री हासिल की।

आतिशी ने मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव में सात साल बिताए थे, यहां वो जैविक खेती और प्रगतिशील शिक्षा प्रणालियों से जुड़ीं रहीं। उन्होंने वहां कई गैर-लाभकारी संगठनों के साथ भी काम किया था, यहां उनकी पहली बार आम आदमी पार्टी के कुछ सदस्यों से मुलाकात हुई थी, आतिशी आम आदमी पार्टी की स्थापना के समय से हैं। पार्टी के साथ दिल्ली सरकार में कई पदों पर जिम्मेदारी निभाई है।

### कौन हैं दिल्ली की नई सीएम आतिशी

आम आदमी पार्टी में आतिशी ने तेजी से अपनी पहचान बनाई है। आम आदमी पार्टी अपने आठ साल के कार्यकाल में जिन उपलब्धियों को सबसे ज्यादा बार गिनाती रही है उनमें शिक्षा का क्षेत्र सबसे ऊपर है और इसका बहुत बड़ा श्रेय आतिशी को जाता है। 2013 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने पार्टी का मेनिफेस्टो तैयार करने में अहम भूमिका निभाई थी। 2014 लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें प्रवक्ता बनाया गया था। फिर साल 2019 में उन्होंने पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा। लेकिन भाजपा के गौतम गंभीर के सामने 4.77 लाख वोटों से हार गई थीं, वो तीसरे नंबर पर रहीं थीं। इसके बाद साल 2020 में उन्होंने कालकाजी विधानसभा से चुनाव जीता। साल 2023 में पहली बार दिल्ली की केजरीवाल सरकार में मंत्री का पदभार संभाला। अब साल 2024 में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने जा रही हैं।

# बिना कोर्ट की इजाजत 1 अक्तूबर तक देश में नहीं होगी बुलडोजर कार्रवाई




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्यों को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई की तारीख 1 अक्तूबर तक न्यायालय की अनुमति के बिना भारत में कहीं भी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जाएगा। हालांकि, कोर्ट ने यह साफ किया है कि यह आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों आदि पर किसी भी अनधिकृत निर्माण पर लागू नहीं होगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अगर अवैध रूप से तोड़फोड़ का एक भी मामला है, तो यह हमारे संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है।

### ये हमारे संविधान के मूल्यों के खिलाफ- सुप्रीम कोर्ट

अपने फैसले के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर अवैध रूप से ध्वस्तीकरण का एक भी मामला हो, तो यह हमारे संविधान के मूल्यों के खिलाफ है। इसके साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि देश भर के अधिकारी बिना अनुमति के अपराध के आरोपियों की संपत्ति नहीं गिराएंगे।

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश इन पर नहीं होगा लागू

मामले में न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने स्पष्ट किया कि ये आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों समेत अन्य पर अतिक्रमित किए गए निमार्णों पर लागू नहीं होगा। बता दें कि शीर्ष अदालत कई राज्यों में अपराध के आरोपियों की संपत्तियां गिराए जाने का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

### मामले में अब एक अक्तूबर को होगी अगली सुनवाई

वहीं इस सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि संपत्तियों के ध्वस्तीकरण को लेकर एक कथा गढ़ी जा रही है। इस पर पीठ ने वरिष्ठ विधि अधिकारी से कहा, निश्चिंत रहें कि बाहरी शोर हमें प्रभावित नहीं कर रहा है। इसके साथ ही पीठ ने मामले की अगली सुनवाई एक अक्तूबर के लिए तय कर दी।

## न्यूज डायरी

### युवक की धारदार हथियार से वार कर हत्या की



**लोनी (करंट क्राइम)।** घर से गायब बच्चे की तलाश में निकले पिता की धारदार हथियार से वार कर निर्मम हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह उसका लहूलुहान शव घर से करीब 200 मीटर दूर एक धान के खेत में पड़ा मिला। परिजनों ने गांव के ही छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस ने मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**लोनी (करंट क्राइम)।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल बरामद हुए हैं पुलिस ने चोर को वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। मंगलवार को पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर लिया तथा जामा तालाशी में चोर से चोरी के तीन मोबाइल बरामद हुए चोर का नाम मनजीत पुत्र रमेश थाना बिनावर जनपद बदायूं है पुलिस ने मोबाइल चोर को जेल भेज दिया है।

### अज्ञात महिला की उपचार के दौरान मौत

**लोनी।** गिरी मार्किट कॉलोनी में बेहोशी की हालत में मिली करीब 25 वर्षीय अज्ञात महिला की अस्पताल में मौत हो गई। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि 14 सितम्बर को करीब 25 वर्षीय अज्ञात महिला अंकुर विहार थाने की गिरी मार्किट कॉलोनी से बेहोशी की हालत में मिली थी। जिसको उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था,लेकिन मंगलवार सुबह वहां उसकी मौत हो गई। महिला की अभी तक शिनाख्त नही हुई है।

### दो बैटरी चोर गिरफ्तार

**लोनी(करंट क्राइम)।** पुलिस ने बैटरी चोर मनीष और प्रिंस उर्फ इमरान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मेवला भटटी गांव निवासी वैभव के घर से चोरी की गई दो बैटरियां बरामद की हैं। आरोपियों ने 16 सितम्बर की रात वैभव के घर से बैटरियां चोरी की थीं।

### बलराम नगर रोड पर प्रवेश द्वार का कार्य शुरू

**लोनी(करंट क्राइम)।** बलरामनगर से करावलरनगर जाने वाले सौ फुटा रोड पर जनसहयोग से श्रीराम द्वार बनाया जाएगा। मंगलवार को स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने विधिवत पूजन कर द्वार निर्माण का कार्य शुरू कराया। जन सहयोग से बनने वाले इस द्वार पर करीब आठ लाख रुपए खर्च होंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया गया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया गया। सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. लक्ष्मीकान्त बाजपेयी ने मंगलवार को मेरठ के विकास भवन में कक्षा 1 व 2 के 1500 बच्चों को स्कूल बैग व टेबल का वितरण किया। कुपोषित बच्चों व गर्भवती महिलाओं को सुभारती मेडिकल कॉलेज ने 1500 पोषण किट वितरित कीं। इस अवसर पर मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, सीडीओ नूपुर गोयल, बीएसए आशा चौधरी, सैयद जफर सहित कार्यक्रम संयोजक अनमोल खन्ना मौजूद रहे।



### राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने धूमधाम से मनाया पीएम मोदी का 74वां जन्मदिवस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। मिठाई बांटकर, केक काटकर, फल वितरित कर जन्मदिन को विशेष बनाया गया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने अपने कविनगर स्थित कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उज्जवल भविष्य और दीर्घायु की कामना करते हुए उनका 74वां जन्मदिन आदमकद कटाउट के सम्मुख रहकर उन्हें मोतीचूर का लड्डू खिलाकर मनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अशोक भारतीय, प्रदीप चौधरी, प्रतीक माथुर, संजीव गर्ग, रोहित शर्मा, मनीष यादव आदि उपस्थित रहे।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में भाजपा ने पांच सदस्यों को निर्विरोध जिताकर रच दिया इतिहास

## साबित किया निगम में है भाजपा का बहुमत और निर्दलीय को भेज कर रखा विपक्ष का भी सम्मान







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को हुई और सबसे पहले नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव शुरू हुआ। सुबह तय समय पर चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। गेम जहां से खत्म हुआ था वहीं से शुरू हुआ। अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव तथा मेयर सुनीता दयाल के नेतृत्व में निगम कार्यकारिणी चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। हालांकि ये बताया जाता है कि पूरी स्क्रिप्ट पहले से तय थी इसलिए स्टोरी में कोई ट्विस्ट नहीं आना था। करंट क्राइम ने पहले ही संकेत दे दिये थे कि गेम मैनेज होगा और यहां भाजपा का कुछ भी डैमेज नहीं होना है। ठीक वैसा ही हुआ और नरेश जाटव और मुस्तकीम में से एक को बैकफुट पर आना था और यहां मुस्तकीम बैकफुट पर आये। चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई और ये सस्पेंस भी थोड़ी देर में खत्म हो गया जब मुस्तकीम ने चुनाव ना लड़ने का फैसला किया। इसके बाद दस सदस्यों में से तीन पार्षदों ने नामांकन वापस ले लिया और मंगलवार की सुबह मुस्तकीम के बैक -टू-पवेलियन होते ही गेम फिनिश हो गया। भाजपा यहां अपनी ताकत और विपक्ष के सम्मान दोनों का ही संदेश देने में सफल रही। भाजपा ने पांच पार्षद कार्यकारिणी में लाकर अपनी संख्याबल की ताकत का मुलाहिजा किया और निर्दलीय पार्षद नरेश जाटव के लिए राहें कठिन नहीं की और एक तरह से विपक्ष के भी सम्मान का संदेश दिया।

## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने दी मेयर-पार्षदों और संगठन को बधाई

### जनहित में सर्व सहमति जरूरी और टैक्स का विरोध है उचित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने मंगलवार को नगर निगम के सदन में डीएम सर्किल रेट पर तय किये गये हाऊस टैक्स के विरोध में लाए गये प्रस्ताव पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर जिस तरह से सदन में सर्व सहमति बनी है। ये खुशी की बात है और उन्होंने मेयर सुनीता दयाल, निगम के पार्षदों और महानगर संगठन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव आया और टैक्स बढ़ोत्तरी के आदेश को निरस्त किया गया, ये खुशी की बात है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि जनहित में अगर जनप्रतिनिधि एक जुट होते हैं तो इसका जनता के बीच मजबूत संदेश जाता है। यदि कोई कर जनता के हितों के विरुद्ध है और जनप्रतिनिधि भी इसका विरोध कर रहे हैं तो फिर अधिकारियों के आदेश का मतलब नहीं रह जाता है। जनप्रतिनिधि की राय ही जनता की राय होती है। जनहित के मुद्दे पर मेयर, पार्षद और संगठन जिस तरह एकजुट हुए हैं, उसके लिए उन्हें बधाई देता हूं।

## ना मचा शोर, ना शराबा और मेयर संगठन की रणनीति का धमाका

**करंट क्राइम।** निर्विरोध चुनाव की भूमिका तैयार होते ही मेयर सुनीता दयाल के चेहरे पर मुस्कान आ गई और उन्होंने सबसे पहले मुस्तकीम की तारीफ की और फिर उन्होंने सभी को बधाई दी। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान एवं अन्य लोगों के साथ बधाई देने पहुंचे। यहां फोटो सैशन हुआ और मेयर संगठन की रणनीति का वो धमाका हुआ कि लक्ष्य भी भेद दिया गया और कोई शोर-शराबा भी नहीं हुआ। भाजपा अपने पांच पार्षदों को कार्यकारिणी में लाने में सफल रही। यहां मेयर और संगठन की रणनीति कामयाब रही।





## नहीं हुए कार्यकारिणी चुनाव में नगर आयुक्त के दीदार



**करंट क्राइम।** कार्यकारिणी चुनाव हुआ और नगर आयुक्त इस चुनाव में नजर नहीं आये। चर्चा सदन में रही कि नगर आयुक्त शहर में ही थे और मंगलवार की सुबह वो प्लाक कार्यक्रम में मौजूद थे और इस कार्यक्रम में मेयर भी मौजूद थीं। इसका यही संदेश कि नगर आयुक्त शहर में हैं लेकिन वो निगम कार्यकारिणी चुनाव में नहीं दिखाई दिये। हालांकि ये भी हो सकता है कि वो आईएएस अधिकारी हैं और किसी सरकारी कार्यक्रम में गये हों। वहीं चर्चा ये भी कि चूंकि मेयर ने नगर निगम सदन के सचिव को पत्र लिखा था तो नगर आयुक्त का ना आना ये भी एक वजह हो सकती है।

## वंदे मातरम के साथ शुरू हुई बैठक और रखा गया दो मिनट का मौन



**करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक वंदे मातरम के साथ शुरू हुई। इसके बाद वार्ड 21 के पार्षद आनंद गौतम के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

## कार्यकारिणी चुनाव खत्म होते ही टैक्स बढ़ोत्तरी पर मेयर ने किया ऐलान

### कार्यकारिणी सदन में हो गया गृहकर वृद्धि का प्रस्ताव निरस्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डीएम सर्किल रेट के अनुसार हाऊस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर मेयर ने पहले ही मोर्चा खोल रखा था। उन्होंने तो बाकायदा अपील भी की थी कि कोई भी व्यक्ति बढ़ी हुई दरों पर टैक्स जमा ना करे। निगम के सदन में इस बात को लेकर पहले ही सदन और अधिकारी पक्ष के बीच एक तरह से पक्ष-विपक्ष वाली स्थिति आ गई थी। मेयर ने साफ कह दिया था कि वो अफसरशाही का दबाव नहीं मानेंगी। उनका गुस्सा इस बात को लेकर था कि बिना किसी चर्चा के, बिना किसी योजना के, बिना सदन को विश्वास के लिए टैक्स कैसे बढ़ा दिया गया। मंगलवार को जब भाजपा ने कार्यकारिणी में इतिहास रचा और उसके पांच सदस्य निगम कार्यकारिणी में आये तो चुनाव के खत्म होते ही मेयर ने सदन में ये प्रस्ताव रखा और सर्वसम्मति से इसे निरस्त कराकर ऐलान किया कि कोई टैक्स नहीं बढ़ाया जायेगा। कार्यकारिणी चुनाव होते ही पार्षदों ने हाऊस टैक्स वृद्धि के प्रस्ताव पर चर्चा करने का अनुरोध किया और अध्यक्ष ने सहमति दी और फिर सभी ने एक मत दिखाते हुए डीएम सर्किल रेट के अनुसार हाऊस टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव सदन में निरस्त किया। कहा गया कि अधिनियम के अनुसार दो वर्ष में एक बार हाऊस टैक्स में वृद्धि की जा सकती है और इस नियम के अनुसार हाऊस टैक्स में वृद्धि करने का प्रस्ताव अगले वर्ष आयेगा। शहर में जिस किसी को भी दर बढ़ाकर हाऊस टैक्स भेजा गया है उसका हाऊस टैक्स अगले वित्तीय वर्ष में समायोजित किया जायेगा।

## सदन की मंशा सर्वोपरि और इससे करायेंगे शासन को अवगत अधिकारी

**करंट क्राइम।** नगर निगम के सदन में मेयर की मौजूदगी में कार्यकारिणी सदस्यों ने एक मत दिखाते हुए डीएम सर्किल रेट के अनुसार हाऊस टैक्स वृद्धि के प्रस्ताव को सदन में निरस्त किया। इस प्रस्ताव के निरस्त होने के बाद यहां अधिकारियों ने भी गुगली डाली है और उन्होंने ये प्रेस नोट जारी किया कि शासन की मंशा क्या है और निगम की मंशा क्या है। टैक्स को लेकर जो प्रेस नोट जारी हुआ उसमें अधिकारियों ने कहा दिया कि टैक्स पर सदन की मंशा से शासन को निगम अधिकारी अवगत करायेंगे। टैक्स विभाग से मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा ने अपने प्रेस नोट में बताया कि शहर हित तथा निगम में टैक्स की दरों को रेशनलिजेशन किया गया था और अन्य विसंगितयों को दूर करने का प्रयास किया गया था। सदन की मंशा सर्वोपरि है जिसके क्रम में सदन की मंशा से शासन को अवगत कराया जायेगा।

## कार्यक्रम की झलकियां







## निगम ने पार्षदों को अंधेरे में रखकर बढ़ाया टैक्स: गौरव सोलंकी



**(करंट क्राइम)।** वार्ड 76 के पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा टैक्स बढ़ोतरी से जनता के साथ खिलवाड़ है, पिछले कार्यकाल में भी टैक्स बढ़ोतरी का विरोध किया था। और जब कार्यकरणी सदस्य की बैठक हुई थी, उस समय नगर आयुक्त व महापौर के सामने टैक्स बढ़ोतरी को लेकर पूरा विरोध किया था। लेकिन दोनों ने मिलकर टैक्स बढ़ाया गया, उन्होंने कहा कि नगर निगम ने पार्षदों को अंधेरे में रखकर टैक्स बढ़ाया है। जो सदन इसे कभी मंजूर नहीं होने नहिबड़िया जाएगा। जनता को जवाब देदे है, निगम नही टैक्स बढ़ता है, तो जनता के साथ धरना प्रदर्शन सबसे पहले मैं करूंगा। उन्होंने नगर निगम की आई बढ़ोतरी के लिए बताया कि वसुंधरा जोन में कई ऐसे फार्म हाउस है, जिन पर काम टैक्स लगा रखा है। यदि उनकी जांच की जाए तो कम से कम एक फार्म हाउस पर 15 लाख से अधिक टैक्स लग सकता है। उन्होंने बताया कि निगम के अधिकारी बोले नए मकान पर नया टैक्स लगाया जा रहा है, इस पर बोले पार्षद एक ही शहर में दो टैक्स नहीं हो सकते।

## राजीव शर्मा सहित ये छह पार्षद चुने गये कार्यकारिणी में

**करंट क्राइम।** कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव निर्विरोध हुआ। दस सदस्यों ने नामांकन किया था। इनमें से मुस्तकीम के बैकफुट पर आते ही राजीव शर्मा की एन्ट्री तय हो गई। उनकी जीत का मार्ग प्रशस्त हो गया। अब निगम कार्यकारिणी में जो सदस्य चुने गये हैं उनमें भाजपा से राजीव शर्मा, पूनम सिंह, नरेश भाटी, अमित त्यागी और नीरज गोयल हैं। इसके अलावा निर्दलीय पार्षद नरेश जाटव चुने गये।



## मेयर-कमांडर की ट्यूनिंग से ही हुआ कार्यकारिणी चुनाव में भाजपा का मिशन 5 कम्पलीट

**पहले ही तैयार था पूरा गेम, तभी हट गया इस चुनाव से मुस्तकीम का नेम**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में भाजपा ने 6 में से 5 अंक हासिल कर टॉप किया और ये साबित किया कि उसका दबदबा है और दबदबा देखने को मिला। यहां पर मेयर और भगवा कमांडर की ट्यूनिंग से ये सफलता मिली। जब मेयर ने यह ऐलान किया यह प्रस्ताव निरस्त है तो भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने उनकी प्रसंशा की और कहा कि मेयर ने शहर हित में ये काम किया। हम इसका समर्थन करते हैं। वहीं मेयर सुनीता दयाल और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की ट्यूनिंग ने सारा ऐरर ही खत्म कर दिया। बताते हैं कि यहां संगठन ने मेयर के साथ मिलकर पूरा गेम इजी कर दिया था। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने पहले व्हिप जारी किया। जबकि इससे पहले वाले चुनाव में व्हिप जारी नहीं हुआ था। इसके बाद भगवा कमांडर ने ये ऐलान किया कि जो भी व्हिप का उल्लंघन करेगा, उसका निलंबन होगा और फिर पार्षदों को फोन किये गये और पूरा पैनल तैयार किया। ये रणनीति सफल रही कि विपक्ष को लग गया कि गेम ओवर हो गया है। यहां पर मेयर सुनीता दयाल और अध्यक्ष संजीव शर्मा की तारीफ करनी होगी कि उन्होंने आपस में वो तालमेल बनाया कि पूरा खेल अपने नाम कर लिया। सूत्र बताते है कि चुनाव से दो घंटा पहले भी दोनों की मीटिंग हुई थी और इसके बाद पूरा गेम भाजपा के हाथ में आ गया। फिर गले में माला थी और कार्यकारिणी चुनाव में जीत की खुशी थी।

## संपादकीय

# कृषि उत्पादों का आयात-निर्यात

केंद्र सरकार ने गत सप्ताह कृषि उत्पादों के आयात और निर्यात से संबंधित कुछ निर्णय लिए। उसने बासमती चावल पर न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) समाप्त कर दिया। गत वर्ष बासमती चावल पर प्रति टन 1,200 डॉलर का एमईपी लगाया गया था जिसे बाद में कम करके 950 डॉलर प्रति टन कर दिया गया था। सरकार ने प्याज पर न्यूनतम निर्यात शुल्क भी 40 फीसदी से कम करके 20 फीसदी कर दिया।

दूसरी ओर उसने खाद्य तेलों पर आयात शुल्क को शून्य से बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया। अन्य घटकों को शामिल करने के बाद प्रभावी शुल्क दर 27.5 फीसदी होगी। रिफाइंड तेल पर आधारभूत कस्टम शुल्क बढ़ाकर 32.5 फीसदी कर दिया गया। सरकार को उम्मीद है कि यह निर्णय घरेलू सूरजमुखी, मूंगफली और सरसों के रिफाइंड तेल की मांग बढ़ाएगा।

इन निर्णयों से उत्पादकों को लाभ होगा। चावल के मामले में चूंकि अच्छे मॉनसून के कारण अच्छी फसल होने की उम्मीद में कीमतों में गिरावट आने लगी है तो ऐसे में निर्यात प्रतिबंध जारी रखने का कोई फायदा नहीं था। बहरहाल, उम्मीद के मुताबिक ही इस निर्णय को राजनीतिक नजरिये से भी देखा जाना चाहिए। हरियाणा विधान सभा चुनावों का प्रचार पूरे जोरशोर से चल रहा है। हरियाणा बासमती चावल का एक प्रमुख उत्पादक है। वहां एमईपी की शर्त हटाने की मांग उठ रही थी।

प्याज पर निर्यात शुल्क हटाने को महाराष्ट्र के विधान सभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है। महाराष्ट्र प्याज का प्रमुख उत्पादक प्रदेश है और हालिया लोक सभा चुनावों में सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की हार की एक वजह इस प्रतिबंध को भी बताया गया। खबरों के मुताबिक वैश्विक बाजारों में प्याज की कमी है और यह बात भारतीय निर्यातकों को लाभ पहुंचा सकती है।

यह सही है कि ताजा कदम निर्यात अवसरों तथा खाद्य तेल के मामले में आयात प्रतिबंध के रूप में उत्पादकों को लाभ पहुंचाएगा लेकिन देश की कृषि व्यापार नीति के साथ बुनियादी प्रश्न यही है कि इसमें निरंतरता का अभाव है और यह अक्सर विरोधाभासी संकेत देती है।

यह बात अच्छी तरह समझी जा चुकी है कि खाद्य कीमतों का मसला संवेदनशील मसला है और खाद्य सुरक्षा का सवाल इससे जुड़ा हुआ है। लेकिन फिर भी हस्तक्षेप सीमित होने चाहिए और पूरे विचार विमर्श के बाद किए जाने चाहिए। उदाहरण के लिए चावल निर्यात पर प्रतिबंध की बोआई के समय ही समीक्षा होनी चाहिए थी। इससे किसान अधिक बेहतर निर्णय ले पाते। इसके अलावा यह बात अच्छी तरह दस्तावेजी कृत है कि कृषि क्षेत्र में हस्तक्षेप उपभोक्ताओं के हितों को देखते हुए किए जाते हैं।

# भारत-अमेरिका मिल कर रहे स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में काम, प्रगति पर जताया संतोष



**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ऊर्जा नवाचार को बढ़ावा देने, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और स्वच्छ ऊर्जा विनिर्माण पर केंद्रित प्रयास सहित स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में तेजी लाने के लिए महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं। इसकी घोषणा मंगलवार को की गई है। अमेरिकी ऊर्जा सचिव जेनिफर ग्रानहोम और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी वाशिंगटन डीसी में बैठक कर रहे हैं। भारत और अमेरिका सामरिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी (एससीईपी) की मंत्रिस्तरीय बैठक से स्पष्ट हो रहा है कि एनर्जी ट्रेड दोनों देशों की प्राथमिकताओं को रेखांकित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। दोनों पक्षों ने एससीईपी के अंतर्गत तकनीकी स्तंभों पर की गई पहलों की समीक्षा की, जिसमें विद्युत एवं ऊर्जा दक्षता, उत्तरदायी तेल एवं गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, उभरते ईंधन एवं प्रौद्योगिकी तथा सतत विकास शामिल हैं। मंत्रियों ने दोनों देशों द्वारा उभरती हुई स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकि के विकास और प्रयोग में तेजी लाने, नवीकरणीय ऊर्जा प्रयोग और विश्वसनीय ग्रिड एकीकरण को आगे बढ़ाने, ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने और उद्योग, भवन और परिवहन जैसे उच्च-उत्सर्जन वाले क्षेत्रों के डीकाबोर्नाइजेशन को आगे बढ़ाने में की गई प्रगति को स्वीकार किया। उन्होंने पिछले वर्ष अगस्त में नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी कार्रवाई मंच (आरईटीएपी) के औपचारिक शुभारंभ का स्वागत किया, जिसका उद्देश्य अनुसंधान एवं विकास, पायलट और प्रदर्शन, तथा इनक्यूबेशन-निवेश-उद्योग नेटवर्क के माध्यम से हाइड्रोजन, दीर्घकालिक ऊर्जा भंडारण, अपतटीय पवन और भूतापीय ऊर्जा के लिए कार्रवाई योग्य रोडमैप विकसित करना है। दोनों देशों ने भारत में हाइड्रोजन सुरक्षा के लिए नए राष्ट्रीय केंद्र पर सहयोग और इस महीने आयोजित दूसरे ह्यग्रीन हाइड्रोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनह्न में साझेदारी का भी स्वागत किया। दोनों देशों ने ऊर्जा भंडारण के माध्यम से लचीले और विश्वसनीय ग्रिड संचालन को सक्षम करते हुए नवीकरणीय ऊर्जा के बड़े पैमाने पर ग्रिड एकीकरण का समर्थन करने के महत्व पर बल दिया। दोनों देशों ने उपभोक्ताओं को 24/7 विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति करने के लिए बिजली वितरण क्षेत्र के आधुनिकीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। भारत की स्मार्ट मीटरिंग तैनाती के लिए समर्थन का स्वागत किया।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद

## भारती एयरटेल और एनटीपीसी रहे टॉप गेनर

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी सत्र करीब सपाट रहा। बाजार के सभी सूचकांकों ने एक सीमित दायरे में कारोबार किया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 90 अंक या 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,079 और निफ्टी 34 अंक या 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,418 पर था। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 82,866 से लेकर 83,152 और निफ्टी ने 25,352 से लेकर 25,441 की रेंज में कारोबार किया।मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी मंदी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 79 अंक या 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,180 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 72 अंक या 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,465 पर था। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, एनटीपीसी, एमएंडएम, टाइटन, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे। टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, आईटीसी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक टॉप लूजर्स थे।



पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल और मीडिया सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। ऑटो, आईटी, फिन सर्विस, एफएमसीजी, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स गिरकर लाल निशान में बंद हुए। बाजार का रुझान नकारात्मक था। 2,241 शेयर लाल निशान में, 1,709 शेयर हरे निशान में और 108 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती के ऐलान से पहले बाजार एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। आईटी, एफएमसीजी और प्राइवेट बैंक के लार्ज कैप शेयरों में खरीदारी देखी जा रही है।

# अगस्त में थोक महंगाई दर कम होकर चार महीने के निचले स्तर पर 1.31 प्रतिशत रही



**नई दिल्ली।** भारत में थोक महंगाई दर अगस्त में घटकर 1.31 प्रतिशत रह गई है, जुलाई में यह 2.04 प्रतिशत थी। थोक महंगाई दर में कमी की वजह ईंधन की कीमतों में कमी आना और खाद्य वस्तुओं में महंगाई का कम होना है। सरकार की ओर से मंगलवार को यह जानकारी दी गई। फूड इंडेक्स, जिसमें प्राइमरी और मैन्युफैक्चर उत्पादों से बनने वाले खाद्य उत्पादों को शामिल किया जाता है, यह घटकर अगस्त में 193.2 रह गया है, जो कि जुलाई में 195.4 था। डब्ल्यूपीआई फूड इंडेक्स में वार्षिक महंगाई दर अगस्त में कम होकर 3.26 प्रतिशत रह गई है, जो जुलाई में 3.55 प्रतिशत थी। प्राथमिक उत्पादों का इंडेक्स अगस्त में 1.37 प्रतिशत गिरकर 194.9 रह गया है, जो जुलाई में 197.6 पर था। मिनरल की कीमतों में -2.66 प्रतिशत, क्रूड पेट्रोलियम और नेचुरल गैस की कीमतों में -1.84 प्रतिशत, फूड उत्पादों की कीमतों में -1.83 प्रतिशत की अगस्त में जुलाई के मुकाबले कमी आई है। हालांकि, अगस्त में गैर-खाद्य उत्पादों की कीमतें 1.65 प्रतिशत बढ़ी हैं। ईंधन और पावर का डब्ल्यूपीआई इंडेक्स अगस्त में 0.14 प्रतिशत बढ़कर 148.1 हो गया है, जो कि जुलाई में 147.9 था। भारत में अगस्त में खुदरा महंगाई दर 3.65 प्रतिशत रही है। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के महंगाई के लक्ष्य 4 प्रतिशत से कम है। जुलाई में यह आंकड़ा 3.6 प्रतिशत था। अगस्त में खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़त की वजह खाद्य वस्तुओं में महंगाई 5.42 प्रतिशत से बढ़कर 5.66 प्रतिशत होना था। हालांकि, यह जून 2023 के बाद का दूसरा निचला स्तर है। थोक महंगाई दर में कमी आने का सीधा असर आने वाले समय में खुदरा महंगाई दर पर होता है। ऐसे में थोक महंगाई दर का कम होना एक सकारात्मक संकेत है। इससे संकेत मिलता है कि भविष्य में महंगाई दर कम रहेगी और आने वाले समय में आम जनता को राहत मिलती रहेगी।

# '63 साल में राष्ट्रीय योगदान करीब 5% घटा' पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद ने जताई चिंता



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की आर्थिक स्थिति पर प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने गंभीर चिंता प्रकट की है। परिषद का कहना है कि राज्य की अर्थव्यवस्था कई दशकों में सबसे खराब दौर से गुजर रही है। इसके मुताबिक कई दशकों से पश्चिम बंगाल के सापेक्ष आर्थिक प्रदर्शन में निरंतर गिरावट देखी जा रही है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था में बीते कई दशकों से बुरा दौर देखा जा रहा है। परिषद के मुताबिक राज्य के सापेक्ष आर्थिक प्रदर्शन में निरंतर गिरावट चिंताजनक है। परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने राज्यों की अर्थव्यवस्था पर तुलनात्मक पेपर लिखा है। उन्होंने 1960-61 से 2023-24 के बीच राज्यों की आर्थिक स्थिति पर टिप्पणी की है। इसके मुताबिक देश के पूर्वी हिस्सों का विकास चिंता का सबब बना हुआ है। समुद्री तट पर बसे राज्यों ने पश्चिम बंगाल को छोड़कर अन्य राज्यों की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। परंपरागत रूप से पिछड़ रहे राज्य ओडिशा की स्थिति में हाल के वर्षों में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है।

प्रति व्यक्ति आय के मामले में कहां है बंगाल सान्याल के शोध पत्र के मुताबिक पश्चिम बंगाल में लगभग 63 साल पहले (1960-61) में प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से 127.5 फीसदी अधिक थी। हालांकि, बाद के वर्षों में राज्य के आर्थिक विकास की गति राष्ट्रीय रुझानों के साथ तालमेल बिठाने में नाकाम रही। 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर बंगाल की प्रति व्यक्ति आय घटकर 83.7 फीसदी रह गई। यह आंकड़ा राजस्थान और ओडिशा जैसे पारंपरिक रूप से पिछड़ रहे राज्यों से भी नीचे है।

### राष्ट्रीय स्तर पर घटा बंगाल की जीडीपी का योगदान

1960-61 में देश की जीडीपी में पश्चिम बंगाल का योगदान 10.5 फीसदी थी। इस समय राष्ट्रीय स्तर पर योगदान के मामले में राज्य का सकल घरेलू उत्पाद देश में तीसरे स्थान पर था। करीब छह दशकों से अधिक समय बीतने के बाद साल 2023-24 में बंगाल की जीडीपी का योगदान घटकर 5.6 फीसदी रह गया है।

## राशिफल

**मेष:** अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है। मन जीवन का द्वार है, क्योंकि इससे अच्छा और बुरा सब कुछ आता है।

**वृष:** आज आपको भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। ऑफिस में आपकी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आप आगे बढ़ने के लिए कुछ नया सीखेंगे।

**मिथुन:** आज आप घर और ऑफिस दोनों जगह शांतिपूर्ण माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। आपका अनुभव मजेदार होगा और आप इससे प्रेरित होंगे।

**कर्क:** गर्भवती महिलाओं के लिए दिन अच्छा नहीं कहा जाएगा। चलते समय विशेष सावधानी बरतने की जरूरत। बड़े समूह में भाग लेना दिलचस्प साबित होगा

**सिंह:** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। नियोजित कार्य को पूरा करने में कुछ समय लग सकता है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**कन्या:** आज आपको आलस्य और थकान का अनुभव होगा। कोर्ट का लंबित काम पूरा होगा। प्रेमियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। आमदनी में सुधार होगा।

**तुला:** शारीरिक लाभ के लिए विशेष रूप से मानसिक शक्ति प्राप्त करने के लिए ध्यान और योग का आश्रय लें। मनोरंजन और सुंदरता बढ़ाने में ज्यादा समय न लगाएं।

**वृश्चिक:** दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रगति होना तय है। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। महिलाएं खरीदारी के लिए जा सकती हैं।

**धनु:** आज कोई विशेष कार्य या आकर्षक योजना आपको दिन भर घेरे रहेगी। आपका पूरा दिन बस यही सोचते-सोचते बीत जाएगा।

**मकर:** शारीरिक और मानसिक बीमारी की जड़ दुख हो सकता है। अतिरिक्त आय के लिए अपने रचनात्मक विचारों का प्रयोग करें।

**कुंभ:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप अपने व्यवसाय में नए प्रयोग करने में सफल रहेंगे। ऑफिस में अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे।

## चुटकुले

पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो पढ़ाई के पीछे भागो... नींद झक मार के आएगी।

---

टीचर - भारत की सबसे खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!

---

संता - पंजाब एक्सप्रेस कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको जाना कहां है?
संता - कही नहीं... बस पटरी पर लेटकर सेल्फी लेनी है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- शेरनियां, पुरूष शेर की तुलना में बेहतर शिकारी होती हैं और एक अपने शिकार के लिए अधिकांश काम वही करती हैं।
- शेरों की भयानक रात दृष्टि होती है वे मनुष्यों की तुलना में प्रकाश के प्रति 6 गुना अधिक संवेदनशील होते हैं! रात में शिकार करते समय यह उन्हें कुछ शिकार प्रजातियों पर एक विशिष्ट लाभ देता है!
- चूंकि शेर की हड्डियां दुर्लभ होती जा रही हैं, शिकारियों ने एशिया में पारंपरिक चिकित्सा की तीव्र मांगों की आपूर्ति के लिए शेर की हड्डियों की तरफ अपना रुख कर लिया हैं।
- क्या आप जानते हैं? शेर एक बच्चे के लिए लगभग 3,000 बार संभोग करते हैं!
- जंगली शेर एक दिन में करीब 20 घंटे आराम करते हैं।
- तुर्की में कहावत है एक शेर हर बहादुर आदमी के दिल में सोता है।
- क्या आप जानते हैं? दुनिया में असली सिंहों से अधिक तो शेरों की मूर्तियां हैं।
- प्राचीन मिस्त्रियों ने अपनी ताकत, शक्ति और उग्रता के कारण अपने युद्ध देवताओं के रूप में शेरों को सम्मानित किया।

## करंट क्राइम

18 09 2024

# आज के जन्मदिन


परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं


लाव्य कागरा


पलक कश्यप


सुनीता नागपाल


शिवाली गोला


प्रीति शर्मा


भूमि शर्मा

### सेलेब्रिटी जन्मदिन


नन्दनी राय
अभिनेत्री


मुस्कान राजपूत


राजेश त्यागी


राष्ट्रवर्धन अरोड़ा


सचिन कुमार


उमंग अग्रवाल


नीरज त्यागी


कृपाल सिंह


सुदर्शन पंडित


गौरव शर्मा


अफजल खान


चन्द्रपाल सिंह


गौतम शिशौदिया


हिमांशु शर्मा



जितेन्द्र कुमार


प्रशांत कौशिक


विशाल अग्रवाल


विशाल सिरोही


राजू भट्ट


तुषार शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# दिल्ली-एनसीआर में खुलेगा सुपर किंग्स अकादमी का पहला सेंटर




**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी तमिलनाडु के बाहर अपना पहला सेंटर लॉन्च करने के लिए तैयार है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की यह दिग्गज फ्रेंचाइजी गुरुग्राम में यह सेंटर खोलने जा रही है। इसके साथ ही सुपर किंग्स अकादमी के सेंटरों की संख्या 16 हो जाएगी, जिसमें तीन सेंटर इंटरनेशनल जगहों पर शामिल हैं। गुरुग्राम में बना यह नया केंद्र, पुश स्पोर्ट्स के साथ साझेदारी में तैयार किया गया है और उभरते क्रिकेटरों के लिए एक अत्याधुनिक सुविधा देने का वादा करता है। इसमें चार टर्फ, दो सीमेंट की पिचें, एक एस्ट्रो पिच, और उन्नत फ्लड लाइट्स शामिल होंगी, जो खिलाड़ियों को बेहतरीन ट्रेनिंग का माहौल प्रदान करेंगी। सीएसके ने सोमवार को एक बयान में कहा, तमिलनाडु में 12 सेंटरों के बाद, चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी अब दिल्ली एनसीआर (गुरुग्राम) में अपना पहला केंद्र शुरू करने जा रही है। यह सेंटर पुश स्पोर्ट्स के साथ साझेदारी में खोला जा रहा है, जो भारत की सबसे तेजी से बढ़ती स्पोर्ट्स-टेक कंपनियों में से एक है। यह कंपनी 20 से अधिक जगहों पर 7000 से ज्यादा बच्चों को खेलों में आगे बढ़ा चुकी है। यह चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी का 16वां केंद्र होगा, जिसमें तीन अंतर्राष्ट्रीय केंद्र भी शामिल हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान, रुतुराज गायकवाड़ ने भी अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, हमें गर्व है कि तमिलनाडु के बाहर हमारा पहला केंद्र अब दिल्ली एनसीआर में खुल रहा है। लड़के और लड़कियां, तैयार हो जाइए 'सुपर किंग' की तरह ट्रेनिंग करने और अपने क्रिकेट करियर की शुरूआत करने के लिए! चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ, के.एस. विश्वनाथन ने भी इस अवसर पर अपनी उत्सुकता जताई और अकादमी के विस्तार की योजना पर जोर दिया। उन्होंने कहा, पिछले दो वर्षों में हमने तमिलनाडु और अंतर्राष्ट्रीय स्थानों जैसे अमेरिका, यूके, और ऑस्ट्रेलिया में सेंटर सफलतापूर्वक स्थापित किए हैं।

अब हम उत्तर भारत में अपनी कोचिंग लेकर आ रहे हैं। हमें विश्वास है कि यह अकादमी इस क्षेत्र से क्रिकेट प्रतिभाओं को खोजने और निखारने में अहम भूमिका निभाएगी।



# विराट कोहली के जुनून का कोई मुकाबला नहीं : सरफराज खान

**सरफराज खान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में विराट कोहली के साथ क्रिकेट खेल चुके हैं।**

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान इस बात से काफी उत्साहित हैं कि वह विराट कोहली जैसे दिग्गज के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करने जा रहे हैं। सरफराज खान का मानना है कि विराट कोहली के जुनून और भावना की बराबरी कोई नहीं कर सकता है।

सरफराज ने इस साल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया। वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में विराट कोहली के साथ खेल चुके हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में, सरफराज को कोहली से मिलने का मौका नहीं मिला क्योंकि कोहली ने व्यक्तिगत कारणों से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से नाम वापस ले लिया था।

सरफराज ने भारत के पूर्व कप्तान कोहली की नेतृत्व क्षमता और टीम को एकजुट रखने की उनकी काबिलियत की जमकर तारीफ की।

सरफराज ने जियो सिनेमा को बताया, उनका जुनून और आत्मविश्वास बेहतरीन है। जब भी मैं उन्हें देखता हूं, यहां तक कि प्री-मैच मीटिंग में भी, वह टीम की कमान संभालते और बताते हैं कि किस गेंदबाज के खिलाफ कितने रन बनाएंगे। वह सबके सामने इतनी हिम्मत और सकारात्मकता के साथ बोलते और अगले दिन उसे पूरा कर दिखाते। यह बहुत ही खास काबिलियत है।

सरफराज ने अपनी कोहली से पहली मुलाकात का भी जिक्र किया और कहा कि वह टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में उनके साथ खेलने का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा, मैं पहली बार उनसे एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में मिला था। मैंने 21 गेंदों पर 45 रन बनाए थे




### विश्व कप : आईसीसी का ऐतिहासिक फैसला

# पुरुषों के बराबर मिलेगी महिलाओं को प्राइज मनी




**दुबई।** आईसीसी ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक ऐलान किया है। इसके तहत अब पुरुष और महिला खिलाड़ियों को विश्व कप में एक समान प्राइज मनी मिलेगी। इसकी शुरूआत अगले महीने यूएई में होने वाले महिला टी20 विश्व के साथ हो जाएगी। यूएई में खेले जाने वाले टी20 महिला विश्व कप विजेता टीम को 2.34 मिलियन अमरीकी डालर मिलेंगे, जो 2023 में दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीतने पर ऑस्ट्रेलिया को दिए गए 1 मिलियन अमरीकी डालर से 134 प्रतिशत अधिक है।

हारने वाले दो सेमीफाइनलिस्टों को 6,75,000 अमेरिकी डॉलर (2023 में 2,10,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक) मिलेंगे, कुल पुरस्कार राशि 79,58,080 अमेरिकी डॉलर होगी, जो पिछले साल की कुल राशि 2.45 मिलियन अमेरिकी डॉलर से 225 प्रतिशत अधिक है। आईसीसी के बयान के अनुसार, यह फैसला जुलाई 2023 में आईसीसी वार्षिक सम्मेलन में लिया गया जब आईसीसी बोर्ड ने अपने 2030 के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से सात साल पहले पुरस्कार राशि समान करने का निर्णय किया। इस तरह से क्रिकेट पहला प्रमुख खेल बन गया है जिसमें विश्व कप में पुरुषों और महिलाओं के लिए समान प्राइज मनी है।

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में कुश्ती को शामिल करने पर हमारा फोकस : संजय सिंह



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने मंगलवार को हुई बैठक में कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन (सीजीएफ) की सीईओ कैटी सैडलेयर से आधिकारिक तौर पर सीजीएफ 2026 में कुश्ती को शामिल करने का अनुरोध किया है।

संजय सिंह ने आईएएनएस से कहा, ?हमने सीजीएफ के सीईओ से कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में कुश्ती को शामिल करने का अनुरोध किया है। हालांकि इसकी संभावना 50-50 है। स्कॉटलैंड ने सुझाव दिया है कि वे केवल 10 खेलों की मेजबानी करेंगे। हम बस अच्छे परिणाम की उम्मीद कर सकते हैं।

कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के सबसे सफल खेलों में से एक कुश्ती को अगले संस्करण के खेलों की सूची से हटा दिया गया। फेडरेशन के इस फैसले ने दुनिया भर के पहलवानों को हैरान कर दिया था।

इन खेलों के इतिहास में 114 पदकों (49 स्वर्ण, 39 रजत और 26 कांस्य) के साथ कुश्ती में दूसरा सबसे सफल देश भारत इस कदम को एक बड़ा झटका मानता है। खासकर तब जब उसके पहलवानों ने बर्मिंघम में होने वाले 2022 खेलों में छह स्वर्ण सहित 12 पदक जीते हैं।

2026 खेलों के लिए खेलों की सूची से कुश्ती को बाहर करना कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन के 2026-30 रोडमैप का हिस्सा है, जो मेजबान देशों को और भी खेलों को शामिल करने की गुंजाइश देता है।

गोल्फ, बीएमएक्स और कोस्टल रोइंग जैसे नए खेलों को 2026 के खेलों में शामिल किया जाना है, जिनकी मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया को करनी थी, लेकिन उसने अपनी योजना रद्द कर दी।

# चेन्नई टेस्ट पर सबकी नजर, काली और लाल मिट्टी की पिच में क्या अंतर होता है

**बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज**



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए टीम इंडिया लगातार ट्रेनिंग कैंप में पसीना बहा रही है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच को लेकर दर्शकों में उत्साह है। इस बीच पिच को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं, जिससे गेंदबाजी लाइन-अप के कॉम्बिनेशन को लेकर टीमों की परेशानी बढ़ गई।

अब तक सामने आई तस्वीरों और जानकारी के मुताबिक चेन्नई में होने वाला भारत-बांग्लादेश पहला टेस्ट मैच लाल मिट्टी की पिच पर खेला जाएगा। ऐसी पिच पर उछाल एक समान रहता है और शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। हालांकि, धीरे-धीरे पिच का मिजाज स्पिन के अनुकूल भी होता जाता है।

क्रिकेट में ज्यादातर लाल और काली मिट्टी की पिच तैयार की जाती है, लेकिन इन दोनों में आखिर अंतर क्या है?

किसी भी मैच के परिणाम में पिच का खास रोल होता है। इसमें पिच की मिट्टी का क्या रोल होता है, उसको विस्तार से जानते हैं।

# श्राइन बोर्ड ने पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता शीतल देवी और राकेश कुमार का किया सम्मान



**एसएमवीडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रशिक्षित राकेश कुमार और शीतल देवी ने अपने असाधारण प्रदर्शन से देश का नाम रोशन किया है।**

**कटरा।** 'श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड' (एसएमवीडीएसबी) के अध्यक्ष मनोज सिन्हा की ओर से सोमवार को पैरालंपिक-2024 में कांस्य पदक विजेता शीतल देवी और राकेश कुमार का स्वागत व सम्मान किया गया।

एसएमवीडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रशिक्षित राकेश कुमार और शीतल देवी ने अपने असाधारण प्रदर्शन से देश का नाम रोशन किया है।

उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के सम्मान में, श्राइन बोर्ड ने उन्हें एसएमवीडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कटरा में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया। एसएमवीडीएसबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अंशुल गर्ग ने शीतल देवी और राकेश कुमार को पेरिस पैरालंपिक में उनकी बेहतरीन उपलब्धि पर बधाई दी, उन्होंने पैरा-तीरंदाजों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया।

सीईओ ने कहा कि मिश्रित टीम कंपाउंड ओपन तीरंदाजी स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ, शीतल देवी और राकेश कुमार ने जम्मू-कश्मीर के ओलंपिक पदक विजेताओं के रूप में अपना नाम दर्ज करा लिया।

उन्होंने कहा कि यह सफलता कोई रातों रात नहीं मिली है, बल्कि वर्षों के समर्पण, कड़ी मेहनत और दृढ़ता की परिणति है और इन पदक विजेताओं की उपलब्धि उनके अटूट समर्पण, उनके कोच के मार्गदर्शन और सबसे ऊपर, माता वैष्णो के आशीर्वाद का प्रमाण है।

उनकी सफलता उभरते खिलाड़ियों को प्रेरित करके और नए खेल आइकन तैयार कर श्री माता वैष्णो देवी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को एक नई गति देगी।

सीईओ ने विभिन्न खेलों, विशेष रूप से निशानेबाजी, तीरंदाजी और एथलेटिक्स जैसे खेलों को बढ़ावा देने के लिए श्राइन बोर्ड के समर्पण की बात कही। विश्व स्तरीय खेल बुनियादी ढांचे के विकास और अपने परिसर में प्रतिभाशाली एथलीटों के पोषण व प्रशिक्षण में बोर्ड ने पिछले 8-9 वर्षों में 2.5 से 3 करोड़ रुपये हर साल खर्च किया है।

# महिला टी20 विश्व कप : टूर्नामेंट को लेकर सभी टीमें अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में दिलोजान से जुटीं

**महिला टी20 विश्व कप 2018 में हरमनप्रीत कौर ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया जो छह साल बाद भी कायम है।**




**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2024 का आगाज 3 अक्टूबर से यूएई में होने जा रहा है। टूर्नामेंट को लेकर सभी टीमें अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटी हुई हैं। भारतीय टीम हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में इस बार ट्रॉफी जीतने के इरादे से यूएई रवाना होगी। टूर्नामेंट के इतिहास में भारत के लिए हरमनप्रीत सबसे सफल खिलाड़ी रही हैं। वह बेहतरीन कप्तान होने के साथ शानदार बल्लेबाज भी हैं। महिला टी20 विश्व कप 2018 में हरमनप्रीत कौर ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया जो छह साल बाद भी कायम है। भारतीय कप्तान टूर्नामेंट के इतिहास में शतक बनाने वाली भारत की एकमात्र महिला क्रिकेटर हैं। उन्होंने गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। दाएं हाथ की बल्लेबाज ने कुछ बेहतरीन शॉट खेलते हुए 51 गेंदों पर 7 चौकों और 8 चौकों की मदद से 103 रन बनाए थे। उन्होंने मात्र 49 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया था। हरमनप्रीत ने महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 173 मैचों में 3,426 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 12 अर्धशतक शामिल हैं। टी20 विश्व कप में उन्होंने 35 मैचों में 20.57 की औसत और 107.66 की स्ट्राइक-रेट से 576 रन बनाए हैं। उनके नाम टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में किसी भारतीय महिला द्वारा सर्वाधिक छक्के (76 से अधिक) लगाने का रिकॉर्ड भी दर्ज है। भारतीय महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा। इसके बाद 6 अक्टूबर को उनका सामना पाकिस्तान से होगा। क्रिकेट फैंस को टूर्नामेंट के आगाज का बेसब्री से इंतजार है, जबकि भारतीय महिला टीम अपना विश्व चैंपियन बनने का सपना पूरा करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय समान वेतन दिवस : भारतीय क्रिकेट ने ले लिया फैसला, अब बॉलीवुड समानता की बारी




**नई दिल्ली।** पिछले साल, 28 सितंबर 2023 को बीसीसीआई सचिव जय शाह ने मंच से एक इवेंट के दौरान कहा था हमने शुरूआत कर दी है। बीसीसीआई ने पुरुष और महिला क्रिकेटर्स को एक समान राशि देने का फैसला किया उसके बाद आईसीसी समेत दुनिया के कई बड़े खेल आयोजकों ने ये निर्णय लिया। उन्होंने ही बताया कि आईसीसी, इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड और यूएस ओपन में भी पे पैरिटी या इक्वल पे को लागू कराया गया।

तो भारत ने दुनिया को समानता का पाठ 21वीं सदी में भी पढ़ाया। विश्व के बड़े देश जो समानता और लिंग आधारित असमानता न करने का दम भरते हैं वहां भी महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले कम आंका जाता है। यही कारण है कि हर साल 18 सितंबर को इंटरनेशनल इक्वल पे डे यानि अंतर्राष्ट्रीय समान वेतन दिवस मनाया जाता है। लक्ष्य सिर्फ एक कि सबके साथ न्याय हो। हर क्षेत्र में ऐसा है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के मुताबिक वैश्विक स्तर पर महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले 20 प्रतिशत कम वेतन मिलता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में, श्वेत पुरुषों के हर डॉलर के मुकाबले अश्वेत महिलाएं केवल 63.7 सेंट, मूल निवासी महिलाएं 59 सेंट और लैटिन महिलाएं 57 सेंट कमाती हैं। तो असमानता यहां भी जबरदस्त है।

बीसीसीआई ने राह दिखाई लेकिन ये भी सच है कि हम भारतीयों के मनोरंजन का एक और उद्योग अभी भी इस मामले में पिछड़ा है। वो है बॉलीवुड। ज्यादा दिन नहीं हुए जब ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें मनोरंजन जगत में समान वेतन पाने के लिए 22 साल लंबा इंतजार करना पड़ा। इन 22 सालों का मतलब बॉलीवुड से था।

प्रियंका से पहले लारा दत्ता ने भी ऐसा ही कुछ कहा था। हाल ही में क्रू स्टार कृति सेनन ने भी कुछ ऐसी ही सोच से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि अजीब है पर सच है कि बॉलीवुड में दस साल में एक भी हिट न देने वाले हीरो को 10 गुना ज्यादा फीस महिला एक्टर के मुकाबले मिलती है।

# खेल के प्रति मोहम्मद सिराज में जुनून और मोहब्बत : लाबुशेन

**लाबुशेन ने कहा, 'सिराज में खेल के प्रति जुनून है।' भारत पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा।**



**नई दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलियाई टीम के बीच बयानबाजी का दौर जारी है। इस साल के अंत में होने वाली इस रोमांचक टक्कर से पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की सराहना की।

लाबुशेन ने कहा कि सिराज में खेल के प्रति जुनून और अद्भुत प्यार है। भारत 1991-92 के बाद पहली बार पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने के लिए नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा।

भारत और ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर से 7 जनवरी 2025 तक पर्थ, एडिलेड (पिंक बॉल मैच), ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में टेस्ट मैच खेलेंगे।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो बार 2018/19 और 2020/21 में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती थी और इस बार टीम जीत की हैट्रिक जमाने के इरादे से उतरेगी।

ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लाइन-अप में अहम भूमिका निभाने वाले लाबुशेन ने सिराज के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। उन्होंने सिराज के साथ हुई अपनी नोकझोंक के बारे में बात की।

लाबुशेन ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा, मैं कई कारणों से मोहम्मद सिराज के साथ मुकाबला करने का आनंद लेता हूं। हम 2015-16 में अकादमी में थे और वह एमआरएफ अकादमी के साथ जुड़े हुए थे। उस समय हम एक-दूसरे के खिलाफ खेलते थे। उनमें खेल के लिए जुनून, ऊर्जा और बहुत प्यार है। हमारे करियर को इतने अलग-अलग अनुभवों से एक साथ आगे बढ़ते देखना अच्छा लगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2020-21 के ऐतिहासिक दौरे पर टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले सिराज ने अब तक 24 टेस्ट खेले हैं और लाल बॉल के प्रारूप में 74 विकेट लिए हैं।



**भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से 7 जनवरी 2025 तक होगा टेस्ट मैच**

**सिराज ने अब तक 24 टेस्ट खेले हैं और लाल बॉल के प्रारूप में 74 विकेट लिए हैं।**

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर लोनी में युवाओं संग विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किया रक्तदान व श्रमदान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वच्छ पखवाड़ा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मंगलवार को लोनी में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान, स्वच्छता अभियान समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गए। लोनी 100 फुटा रोड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकारी अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने रक्तदान कर युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में जनहित में रक्तदान करने का आह्वान किया। वहीं विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने राजीव गार्डन पश्चिमी में विश्वकर्मा जन्मोत्सव पर विश्वकर्मा मंदिर में पूजा- अर्चना कर सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।








### स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के साथ किया बढ़-चढ़कर श्रमदान

**करंट क्राइम।** 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत लोनी में स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भाजपा कार्यकर्ताओं, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका लोनी, एसडीएम लोनी, नगरपालिका के कर्मचारियों के साथ खन्ना नगर लोनी में सफाई अभियान के तहत 1 घंटे श्रमदान किया। श्रमदान में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता को लेकर शपथ भी दिलाई। विधायक ने संबोधन में कहा, पीएम मोदी के आह्वान पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने देशवासियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बना दिया है। देशभर में करोड़ों कार्यकर्ता सफाई अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। आज देश सुंदर और स्वच्छ बन रहा है। लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हुए हैं जिसका पूरा श्रेय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री को जाता है। वहीं भाजयुमो गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में लगाए गए रक्तदान शिविर में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने रक्तदान किया। रक्तदान के उपरांत सांसद अतुल गर्ग ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

### विश्वकर्मा जयंती पर विधायक नंदकिशोर ने विश्वकर्मा मंदिर में की पूजा-अर्चना

**करंट क्राइम।** विधायक नंद किशोर गुर्जर ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर कहा कि आज सृष्टि के रचयिता शिल्पकला के देव के आशीर्वाद से समाज और देश में निर्माण और सृजन के कार्य निरंतर हो रहे हैं। निर्माण क्षेत्र में लगे भगवान विश्वकर्मा के वंशजों के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। इस दौरान जितेंद्र पांचाल व अन्य विश्वकर्मा समाज के लोग भी उपस्थित रहे।

# हापुड़ में तालाब में डूबकर दो मासूम भाइयों की मौत

## घर के बाहर खेलते समय हुआ हादसा, लोगों ने बच्चों को निकाला बाहर



**हापुड़।** हापुड़ के धौलाना थाना क्षेत्र में घर के पास खेल रहे दो मासूम भाईयों की तालाब में डूबकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे। लेकिन परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। फिलहाल परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार गांव देहरा निवासी शहजाद मजदूरी कर अपने परिवार का लालन-पालन करता है।

उसके तीन बेटे एक बेटी है। मंगलवार की दोपहर उसका 6 वर्षीय पुत्र आफियान और 4 वर्षीय पुत्र जुबेर घर के बाहर खेल रहे थे। खेलते-खेलते जुबेर तालाब के पास पहुंच गया। जिससे पहले वह कुछ समझ पाता, उससे पहले ही वह तालाब में डूब गया। भाई को डूब देख आफियान भी तालाब में गिर गया। जिस पर दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने जैसे-तैसे दोनों बच्चों को बाहर निकाला। दोनों बच्चों की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने ही कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट और प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे। लेकिन परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों के शवों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि तालाब में डूबने से दोनों बच्चों की मौत हो गई। लेकिन परिजन ने कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया।

# मोदीनगर में एक पहिया उठाकर चुरा ले गए बाइक

## हैंडल लॉक होने पर अपनाया दूसरा तरीका, सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मोदी नगर से चोर एक बाइक चुरा ली। इस मोटरसाइकिल का हैंडल लॉक लगा हुआ था तो आगे वाला पहिया उठाकर उसे ले गए। चोरी का उउळश वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज करके चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

मोदी नगर के गोविंदपुरी में सुमित सारन का मकान है। 15 सितंबर की रात इनकी बाइक घर के बाहर खड़ी हुई थी। उसमें हैंडल लॉक लगा हुआ था। रात करीब 11.50 बजे के आसपास दो चोर आए। उन्होंने बाइक को ले जाने का प्रयास किया। हैंडल लॉक लगा होने की वजह से प्रॉब्लम हुई। इसके बाद एक चोर ने आगे वाला पहिया उठाया और दूसरा चोर उसको पैदल खींचते हुए ले जाता रहा। जब आगे वाला चोर थक जाता तो वो पीछे आता और इसी तरह दोनों बाइक को पैदल ही खींचकर ले गए।

पीड़ित सुमित सारन ने बताया कि रात में ही जब वे घर से बाहर निकले तो बाइक खड़ी नहीं मिली। इसके बाद आसपास की गलियों में खोजबीन की गई। कहीं कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने इलाके में गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को इसकी सूचना दी।

### पीड़ित ने मुकदमा कराया दर्ज

उन्होंने पूरे घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मुहैया कराई है। इस मामले में थाना मोदी नगर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मान रही है कि चोर इस तरह बाइक घसीटकर बहुत दूर तक नहीं ले गए होंगे। इसलिए आसपास के इलाके में ही चोरों की तलाश जारी है।

# एसडीजीआई ग्लोबल युनिवर्सिटी में 'स्कोप एंड फ्यूचर इन फार्मास्यूटिकल बायोटेक्नोलॉजी' कार्यक्रम आयोजित





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल युनिवर्सिटी में मंगलवार को स्कूल ऑफ साइंसेस के अन्तर्गत एक गेस्ट लेक्चरर 'स्कोप एंड फ्यूचर इन फार्मास्यूटिकल बायोटेक्नोलॉजी' डॉ. ज्योति चौधरी, विभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. तृप्ति भटनागर, कोडऑन बायोटेक की संस्थापक रहीं।

इस अवसर पर युनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. प्रसेनजीत कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने बच्चों के उज्वल भविष्य की बधाई दी।

इस कार्यक्रम में स्कूल ऑफ साइंसेज की निदेशक डॉ. ज्योत्सना पंडित और स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की निदेशक डॉ. शालिनी शर्मा और सभी अध्यापक मौजूद रहे। सभी छात्रों ने लेक्चर में बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया और गेस्ट स्पीकर द्वारा दिए गए मार्गदर्शन से उन्हें बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। छात्रों ने अपने करियर से संबंधित सवाल गेस्ट स्पीकर से बड़े उत्साह के साथ साझा किए।

इस आयोजन से बच्चों को विज्ञान और अनुसंधान में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली और बायोटेक्नोलॉजी विभाग में वैज्ञानिक बनने की दिशा में यह यूनिवर्सिटी का एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# इंजीनियर ने रची अपने अपहरण की साजिश डेटिंग का शौक पूरा करने के लिए बनाया था प्लान



**नोएडा।** नोएडा में एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वाले इंजीनियर ने खुद का अपहरण का नाटक किया। अपने साथियों के साथ मिलकर पहले अपना अपहरण कराया। इसके बाद अपने ही मोबाइल से मां को फोन करके फिरौती की रकम मांगी। थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने जांच की। पुलिस ने इंजीनियर शुभम गौड़ और उसके दो साथियों संदीप और अंकित को गिरफ्तार किया।

10 सितंबर को गायब हो गया था एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि शुभम गौड़ जेपी कॉसमॉस सेक्टर-134 में रहता है। वो टाटा कंसलटेंसी में काम करता है। 10 सितंबर को रात करीब साढ़े नौ बजे सोसाइटी से बिना किसी को बताए शुभम कही गायब हो जाता है। फोन स्विच ऑफ होने पर परिजन चिंता करते हैं और मध्यप्रदेश यहां आकर थाना एक्सप्रेस वे में एक गुमशुदगी दर्ज कराते हैं। एक दो दिन बाद ही शुभम के मोबाइल से परिजनों को कॉल करके शुभम गौड़ को छोड़ने की एवज में 50 लाख रुपए की डिमांड की जाती है। ये जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। इलेक्ट्रिक सर्विलांस और इंटेलिजेंस की मदद से पकड़ा एडीसीपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसमें इलेक्ट्रिक सर्विलांस, इंटेलिजेंस और मुखबिर को एक्टिव किया गया। जिसके बाद शुभम गौड़, संदीप और अंकित को पुलिस ने गिरफ्तार किया।




## किस एसीपी ने ली मैराथन मीटिंग और दिया रिजल्ट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में वैसे तो एसीपी स्तर के अधिकारियों की लंबी लिस्ट है, पर टविस्ट् में कुछ ही फेस रहते हैं। नदियापार के क्राइम की चर्चा हमेशा होती रहती है। बीते दिनों नदियापार थानाक्षेत्र के एक इलाके में लूट की वारदातों से सनसनी फैली, तो लूट की वारदात के बाद इलाके वाले एसीपी जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सिंह इस किंग के नाम से जाने जाते हैं, उन्होंने अपना एक्शन वाला मोड़ ले लिया। बताया जाता है कि रविवार की रात उनके सर्किल में टू और थ्री-स्टारों के पेंच टाइट करने के लिए एक मैराथन मीटिंग रखी गई थी। जिसमें एक के बाद एक थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी स्तर के टू-स्टारों से सवाल जवाब किए गए कि उनके इलाके में चोरी, झपटमारी और लूट की वारदातों में इजाफा क्यों हो रहा है। बकायदा सीसीटीवी फुटेज का मिलान कराने से लेकर गैंग को चिन्हित कर कार्रवाई करने के उपाय व निर्देश दिए गए। बताया जा रहा है कि उसी का नतीजा है कि गाजियाबाद की धरती पर महाराज जी के आगमन से पहले ही सर्किल के एसीपी ने तीनों थानाक्षेत्रों के एक-एक प्रमुख मामले का खुलासा किया है। बताया जा रहा है कि सिंह इस किंग वाले एसीपी ने हाई राइज बिल्डिंग वाले थानाक्षेत्र दिल्ली से सेट वाले थाने और नोएडा-दिल्ली के बॉर्डर वाले थाने में खुलासे कर बताया कि उनकी वर्किंग वेस्ट रही है। अपने निशाने और बेस्ट फिटनेस के लिए इंटरनेशनल कवियों के मुख पर उनका नाम भी सोशल मीडिया में पहले भी छा चुका है। वहीं मैराथन मीटिंग का रिजल्ट उन्होंने तीन खुलासे कर खुलासों की हैट्रिक लगाकर दिया है और बताया है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अभी वह धुआंधार पारी खेल रहे हैं। कहने वाले तो कहते हैं कि नदियापार के उनके सर्किल में लूट, झपटमारी और सनसनीखेज चोरियां हमेशा से चुनौती रही हैं और उनके पुलिस के खुलासे भी दिलचस्प रहते हैं। वैसे जिस तरह से मंगलवार को भी चोरी का खुलासा बेहद दिलचस्प रहा है। सूत्र बताते हैं कि पूरा मामला वैसे तो लाखों की चोरी का था लेकिन शिकायत कुछ और दी गई। तो पुलिस ने भी भरोसा तोड़ने वाले 8 साल पुराने उस चालक को गिरफ्तार करने का काम किया है जो आरोपी निकला। बताया जा रहा है कि जिस स्ट्राइक रेट के साथ सर्किल वाले साहब की पारी चल रही है, उससे कई आईपीएस अधिकारी भी हैरान और परेशान रहते हैं। कुल मिलाकर फिर एक बार मैराथन मीटिंग का रिजल्ट देकर सिंह इस किंग ने खुद को साबित किया है कि उनका काम बेमिसाल है।



### वार्ड 7 एवं 27 में कुत्तों के आक्रमण से लोग परेशान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 7 एवं 27 में कुत्तों के आक्रमण से लोग परेशान हैं। आए दिन घटनाएं होती रहती हैं। राजवंश उर्फ देव कृष्णपाल निवासी बिहारीपुर रात्रि अपने घर से ताऊ के घर जा रहा था, इतने में ही कुत्ते ने उन पर वार कर दिया। कितनी बुरी तरीके से वार किया है। महेंद्र कहते हैं कुत्ता मेरा पालतू नहीं है। नगर निगम से निवेदन है कि इस कुत्ते को जल्द से जल्द उठा करके नगर निगम की कस्टडी में लिया जाए।

# पूर्व पार्षद मौ. जाकिर अली सैफी ने नगर आयुक्त को लिखा शिकायती पत्र

## सीवर लाईन कर रही है लगातार सड़को को क्षतिग्रस्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 95 मरकज मस्जिद के बराबर वाली गली की सीवर लाइन का बुरा हाल है। आज से पहले भी यही सीवर लाइन थी। यहां वी ऐ टेक वबाग प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के लोग नगर निगम के अधिकारियों से लेकर पार्षदों व आम जनता को गुमराह करते रहे हैं। सीवर लाइनों की सफाई करने की बजाय नई सीवर लाइन डालने का दबाब बनाते हैं, जिसके कारण निगम की लाखों रुपये से बनी हुई सड़कों को क्षतिग्रस्त कर देते हैं। लाखों रुपए से बनी सड़क खराब हो जाती है।

मैनहोल के नाम पर जगह-जगह से सड़कें तोड़ते रहते हैं। निगम को अब तक इससे काफी नुकसान हुआ है। वी ऐ टेक वबाग कंपनी वाले मोटी कमाई करते हैं। निगम से और निगम को नुकसान पहुंचा जा रहे हैं इन पर जुर्माना लगाकर सख्ती से कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में किसी सड़क का नुकसान ना करें। हमारे वार्ड में इससे पहले भी सीवर लाइनें बदलने के नाम पर सड़कों को खराब किया गया है। दूधेश्वरनाथ मंदिर के पीछे वाली गली में 300 व्यास के दो पाईप बदले गये और सड़क रिपेयर का काम नगर निगम के निर्माण विभाग द्वारा किया गया। बिलाल मस्जिद के पीछे सीवर लाइन ले ऊपर लाइन डाली गई। वबाग के द्वारा उस गली में भी रिपेयर नहीं किया गया।

सड़क रिपेयर का काम नगर निगम के निर्माण विभाग द्वारा किया गया जिसमें लाखों का खर्च निगम के निर्माण विभाग द्वारा किया गया। बाल्मीकि बस्ती में 3 पाईप 250 व्यास के बदले गये लेकिन सड़क सुधार का काम नहीं किया गया आदि बहुत सारी लाइनें हैं जो वबाग ने बदली हैं जिनको केवल डी-शील्ड कर के चलाया जा सकता था। सीवर सफाई सीवर मैनहाल एस टी पी सीवर लाइनों का रख रखाव आदि सीवर संबंधित कार्य के लिए उत्तर प्रदेश शासन व नगर निगम ने जीरो कम्प्लेन की पॉलिसी के साथ वबाग से करार किया था लेकिन नगर निगम के जलकल विभाग के अधिकारियों का सीवर के वबाग के लोकल वेंडर पर पूरी कृपा बनी रहती है जिसके कारण गाज़ियाबाद की जनता सीवर की परेशानी झेल रही है।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवान विश्वकर्मा जयंती मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य रूप से उपस्थित रहे फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष, वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष, नितिन त्यागी जिला महासचिव, राजन कश्यप महानगर वरिष्ठ सभा नेता, रमेश यादव एडवोकेट महासचिव, मधु चौधरी प्रदेश महासचिव महिला सभा, राज देवी चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा, सरवन कुमार त्यागी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रवेश चौधरी जिला उपाध्यक्ष, मनोज पंडित महानगर उपाध्यक्ष, असलम कुरैशी जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, ललित गुर्जर जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, रविंद्र यादव महानगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, नानक चंद प्रजापति, मनीष त्यागी पूर्व जिला अध्यक्ष छात्र सभा, आकाश अग्रवाल मुरादनगर विधानसभा अध्यक्ष, शोएब चौधरी नगर अध्यक्ष मुरादनगर, महबूब अंसारी, कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव, मुकेश यादव जिला सचिव, अनुष्का सिंह महानगर सचिव, सोनू सैनी, कमलेश चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष महिला सभा, आंशू अब्बासी, मुकेश यादव सिराज सैफी महासचिव लोनी विधानसभा, सचिन सिद्धार्थ, विशाल वर्मा जिला उपाध्यक्ष, पूर्व प्रत्याशी शाहनवाज खान, अंशु ठाकुर, आरिफ मलिक, पार्षद दानिश अंसारी, हसीन चौधरी, वसीम बाबू एडवोकेट, दानिश खान, खालिद बुखारी, कृष्ण ढाकोलिया, राहुल यादव एडवोकेट, रिजवान चौधरी, भूरा यादव, राहुल रावत कार्यालय प्रभारी।

## पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर नितिन गोयल के नेतृत्व में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को मुरादनगर शहर मंडल में मंडल अध्यक्ष नितिन गोयल के नेतृत्व में सेवा पखवाड़े के रूप में एक स्वच्छता का कार्यक्रम अंबेडकर पार्क में चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महानगर के महामंत्री गोपाल अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक गौरव वाल्मीकि रहे। पार्क में स्वच्छता अभियान चला कर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष नितिन गोयल, मंडल महामंत्री राकेश गोयल, मोहित त्यागी, महिला मोर्चा की अध्यक्षा गीता चौधरी, तनु शर्मा, मंडल के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, गौरव वाल्मीकि, डॉ. सचिन कुमार, मंडल के मंत्री राहुल गोयल, नरेश कश्यप व ललित गोयल, ओमवीर शर्मा, हरिमोहन गोयल, संदीप चोटी, संदीप सिंघल व मंडल के बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नोएडा में 17 लाख की लूट निकली फर्जी: पुलिस ने 100 % पैसों के साथ कर्मचारी को किया गिरफ्तार, पैसा कलेक्शन का करता था काम



**नोएडा करंट क्राइम।** योजना के तहत मालिक को 17 लाख रुपए की लूट की फर्जी सूचना देने वाले आरोपी और उसके भाई को सेक्टर-126 थाने की टीम ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। कथित पीड़ित और उसके भाई के पास से ही पुलिस ने 100 प्रतिशत रकम बरामद की। मामले का पदार्फाश करने के लिए दो टीमें गठित की गई थीं। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी सेक्टर-37 बस स्टैंड के पास से की गई।

एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि एक कारोबारी ने सोमवार शाम साढ़े छह बजे के करीब सूचना दी कि उसके यहां कैश कलेक्शन का काम करने वाले 24 साल के रोहित भाटी से बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर 17 लाख रुपए लूट लिए। बदमाश रोहित का मोबाइल भी अपने साथ ले गए। जिस व्यक्ति के साथ लूट हुई थी, उसने कारोबारी के यहां डेढ़ महीने पहले ही नौकरी करनी शुरू की थी। लूट की सूचना मिलते ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गईं।

योजना के तहत साइटों से पैसे का कलेक्शन करके रोहित सबसे पहले हाजीपुर अंडर पास के पास गया और वहीं पर भाई राहुल को बुला लिया। राहुल ऑटो से आया और पैसे लेकर चला गया। इसके बाद रोहित ने लूट की सूचना कंपनी मालिक को दी। रुपए को दो बैग में रखा गया था। मामले का पर्दाफाश करने में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज ने भी अहम भूमिका निभाई। इसके बाद मुख्य आरोपी रोहित के भाई राहुल को भी दबोचा गया।

### बार बार बयान बदलने पर हुआ शक

पुलिस टीम हाजीपुर अंडर पास के पास उस जगह पहुंची। जहां लूट की वारदात होने की बात कही गई थी। पूछताछ के दौरान रोहित के बयान बार-बार बदल रहे थे। ऐसे में पुलिस को उस पर शक हुआ। कड़ाई से पूछताछ करने के पर रोहित टूट गया। इसके बाद रोहित ने बताया कि उसके बड़े भाई राहुल भाटी की मामले में पूरी संलिप्तता है। रोहित और राहुल ने एक सप्ताह पहले लूट की फर्जी सूचना देकर लाखों रुपये का गबन करने की योजना बनाई।

### बाइक चोरी के आरोप में जेल जा चुका है रोहित

एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया लूट की फर्जी कहानी गढ़ने वाला रोहित बाइक चोरी में पूर्व में जेल जा चुका है। गबन की रकम से वह नया व्यवसाय शुरू करने वाला था। वहीं रोहित के भाई राहुल पर कुछ कर्ज था। वह गबन की रकम देकर कर्ज चुकाने की योजना बना चुका था। रोहित का भाई राहुल दिल्ली की एक निजी कंपनी में काम करता है। रोहित को कंपनी मालिक ने नौकरी से निकाल दिया है। रोहित और राहुल दोनों दादरी के प्रीत विहार कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। पुलिस दोनों का आपराधिक इतिहास पता कर रही है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये आस्था है ये श्रद्धा है और ये वो मन्नत है जो पूरी हुई है। ये केवल पत्थर नही है ये महज धागा भी नहीं है। ये पोस्ट अपने एक एक शब्द में संस्कृति को विश्वास को समेटे हुए हैं। प्रियंका प्रियदर्शिनी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# यति नरसिंहानंद गिरी का ऐलान, नहीं होने देंगे दिल्ली में भारत-बांग्लादेश क्रिकेट मैच



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत-बांग्लादेश क्रिकेट श्रृंखला लाखों हिन्दुओं की लाश पर चलने वाला कुछ नेताओं और व्यापारियों का तमाशा है वो तथाकथित सौ करोड़ हिन्दुओ के स्वाभिमान को सीधी चुनौती है। इस श्रृंखला का अर्थ ये है कि व्यापारी नेता गठजोड़ के लिये हिन्दुओ की जान और हिन्दुओ की बहन बेटियों की इज्जत की कोई कीमत नहीं है। अगर आज तथाकथित सौ करोड़ हिन्दुओ में जरा सा भी स्वाभिमान बाकी है तो उन्हें शर्म से डूब मरना चाहिये। ये विचार एक वीडियो के माध्यम से शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने व्यक्त किये। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी का कहना है कि 19 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक चलने वाली भारत-बांग्लादेश क्रिकेट श्रृंखला बांग्लादेश में मारे गए निर्दोष हिन्दुओं का घोर अपमान और तिरस्कार है। आज की तथाकथित हिन्दूवादी सरकार के तथाकथित लौहपुरुष अमित शाह का बेटा विश्व क्रिकेट को संचालित कर रहा है। आज भारत मे कोई धर्मनिरपेक्ष या मुस्लिम वोट से बनी सरकार नहीं है। अगर आज हिन्दुओ बांग्लादेश के हिन्दुओ की इस बबार्दी पर भी धंधे को प्राथमिकता देंगे तो कल अपनी बबार्दी के लिये भी तैयार रहें। ये धंधेबाज उनकी बबार्दी पर भी ऐसे ही जश्न मनायेंगे।

महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने यह भी संकल्प लिया कि दिल्ली में भारत बांग्लादेश का क्रिकेट मैच उनके जीते जी सम्भव नहीं होगा।चाहे कुछ भी हो जाये दिल्ली में उनके होते हुए निर्दोष हिन्दुओ के हत्यारे हिन्दुओ का मजाक नहीं बना पाएंगे।

हरदीप सिंह पुरी ने राहुल गांधी पर किया तीखा वार

# पाकिस्तान के संस्थापक जिन्ना की तरह रख रहे मानसिकता



**वॉशिंगटन।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी में दिए बयानों से देश की सियासत का पारा चरम पर है। अब केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उनकी कड़ी आलोचना की और पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना जैसी मानसिकता रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता चाहते हैं कि देश का खून बहता रहे।

**क्या बोले थे राहुल गांधी :** दरअसल, अमेरिका यात्रा के दौरान लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने वर्जीनिया में आरोप लगाया था कि आरएसएस कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को अन्य की तुलना में कमतर मानता है। भारत में राजनीति के लिए नहीं, बल्कि इसी बात की लड़ाई लड़ी जा रही है। सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है। लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं या एक सिख के रूप में वो गुरुद्वारा जा सकते हैं या नहीं। न केवल सिखों के लिए बल्कि सभी धर्मों के लिए यही लड़ाई है।

# पीएम के बर्थडे पर बृज विहार मंडल में शहीद भगत सिंह चौक पर चलाया गया स्वच्छता अभियान






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मंगलवार को बृज विहार मंडल झंडापुर सीएल कम्पनी के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता राजेश त्यागी, मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय, पार्षद हिमांशु चौधरी, राहुल परिहार, पुष्पेंद्र सिंह बहादुर, मोहित सिंह, नीरज रावल, विशाल रावल आदि लोग शामिल हुए। एक पौधा मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। राजेश त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का कार्य करना है। मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी सशक्त विकसित भारत का निर्माण करने के लिए भाजपा का सदस्य बनने का आह्वान किया। भाजपा कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई के कार्य को आगे बढ़ाने का कार्य करें। इसमें सबकी सहभागिता जरूरी है।

# टेलर स्विफ्ट से नफरत करने वाला पोस्ट ट्रंप पर पड़ा भारी



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। ऐसे में, रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस मैदान में हैं। दोनों का बड़ी संख्या में लोग समर्थन कर रहे हैं। हाल ही में पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट ने साफ कर दिया था कि वह हैरिस को समर्थन दे रही हैं। इसके बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई। गुस्साए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने तो यह तक कह दिया कि वह पॉप स्टार से नफरत करते हैं। उनका बयान सामने आने के बाद स्विफ्ट को चाहने वालों ने हैरिस अभियान के लिए 40,000 डॉलर से अधिक धन जुटाया।

**यह है मामला :** दरअसल, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सिंगर टेलर स्विफ्ट पर निशाना साधा था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ह्यआई हेट टेलर स्विफ्टह्ल (मैं टेलर स्विफ्ट से नफरत करता हूं) पोस्ट किया। यह प्रतिक्रिया स्विफ्ट के एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जवाब में दी गई थी। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप के रनिंग मेट जेडी वैंस ने बिना बच्चों वाली महिलाओं पर निशाना साधा था।

उन्होंने कहा था कि ऐसे लोगों को वोट न दें, जिनके बच्चे न हों। इन लोगों का भविष्य में कोई योगदान नहीं होगा। ऐसे में जब टेलर स्विफ्ट ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट कर अपने समर्थन की घोषणा की तो उन्होंने खुद को चाइल्डलैस कैट लेडी यानी बिना बच्चों वाली महिला बताया।




नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव

# सपा ने निर्दलीय प्रत्याशी नरेश जाटव का किया समर्थन

## पूर्व प्रत्याशी विशाली वर्मा की रही अहम भूमिका



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के सभी पांचों पार्षदों आदिल मलिक नेता पार्षद दल, पवित्रा देवी, संजीदा, खुर्शीदा बेगम, सिमरन ने मान्य राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के पी.डी.ए. फार्मूले के निर्देशों को ध्यान मे रखकर निर्दलीय प्रत्याशी नरेश जाटव को निगम कार्यकारणी चुनाव में समर्थन किया। विशाल वर्मा पूर्व विधायक प्रत्याशी गाजियाबाद विधानसभा के प्रयासों से ही नरेश जाटव को निर्विरोध चुना गया। जिसकी वजह से नरेश जाटव द्वारा विशाल वर्मा को निगम कार्यालय में माला पहनाकर सम्मानित किया गया। निगम कार्यकारणी चुनाव में नरेश जाटव को जिताने में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, गाजियाबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विशाल वर्मा, आदिल मलिक, मोहम्मद कल्लन, फहीम चौधरी, संजू चौधरी, आरिफ मलिक, नितिन त्यागी जिला महासचिव, राजन कश्यप महानगर महासचिव ने मुख्य भूमिका निभाई। नरेश जाटव द्वारा निर्विरोध कार्यकारिणी सदस्य चुने जाने के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

# वैशाली युवा जागरण समिति ने किया मां भगवती का जागरण और भंडारा







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली युवा जागरण समिति ने मां भगवती का भव्य जागरण व विशाल भंडारे का आयोजन किया। समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर ने बताया कि वैशाली सेक्टर 3 की मेन मार्केट रोड पर मां भगवती का जागरण किया गया, जिसमें से पवित्र जोत लाई गई, जिसे सभी सदस्यों ने पंडाल में स्थापित किया। कार्यक्रम में गायकों ने रात भर महामाई का गुणगान किया। जागरण में दूर-दूर से आए भक्तों ने शीश नवाकर अरदास कराई। कुछ श्रद्धालुओं की फरमाइशों पर माता की भेंटें भी गाई गईं। भेंटों के बीच-बीच में कलाकारों द्वारा देवी-देवताओं की झांकियां भी प्रदर्शित की गईं। आरती के बाद कन्या पूजन और विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें भक्तों ने सेवा करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। भगवती जागरण की आरती में सभी समिति के सदस्य मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, संजीव झा, धर्मेंद्र ठाकुर, सुभाष सिंह, मदन बिष्ट, नरेंद्र, ब्रजकिशोर, शेखर वर्मा, बृजेश राठौर, सन्दीप नागर, अजय झा आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय हिंदू वीर सेना ने सीएम और डीएम को लिखा पत्र



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय हिंदू वीर सेना ने जूस में पेशाब मिलाकर पिलाने वाले प्रकरण में मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को लिखकर अवगत कराया कि गत दिनों गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में आमिर नाम के व्यक्ति ने लोगों को जूस में पेशाब मिलाकर पिलाने का प्रकरण सामने आया था जिसको लेकर आम जनमानस में काफी आक्रोश है। हमारा संगठन राष्ट्रीय हिंदू वीर सेना निम्न मांगें करता है। (1) शहर के सभी जूस कॉर्नरों के स्वामियों का अनिवार्य सत्यापन। (2) जूस विक्रेताओं के बोर्ड पर आधार कार्ड की फोटो, (3) खाद्य विभाग द्वारा समय-समय पर जूस का सेम्पल लिया जाना। (4) किसी भी विक्रेता की दुकान के त्रुटि पाये जाने पर लाईसेंस रदद हो। (5) नगर में अधिकांश खोखे विकंलागों को भरण-पोषण के लिए वितरित किये गये हैं, जांच करायी जाये कि उन खोखों का संचालन कौन कर रहा है।

# वसुंधरा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने पीएम के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं के साथ चलाया सफाई अभियान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें सार्वजनिक जगहों पर साफ सफाई कर लोगों को जागरूक किया गया। मंगलवार को महानगर किसान मोर्चा अध्यक्ष पंकज भारद्वाज, वसुंधरा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष प्रधान, मीना कौशिक, अभिषेक शर्मा, रामकुमार चौधरी, निशी त्यागी, अनुराग मिश्रा, नरेंद्र हुडा, मदन बिष्ट, वीरेंद्र त्यागी, रमेश शर्मा, मदन मोहन भाटिया सहित कार्यकर्ताओं में संयुक्त रूप से सार्वजनिक जगह पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया है। मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर वसुंधरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई के कार्य किए। सभी कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# लाजपत नगर में धूमधाम से निकाली गई गणपति शोभायात्रा






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लाजपत नगर खाटू श्याम परिवार ने एल ब्लॉक में 7 सितंबर से चल रहे गणपति महोत्सव में विधि विधान से पूजन किया। विशाल भंडारा कर धूमधाम के साथ शोभा यात्रा करने के बाद विसर्जन किया गया। शोभायात्रा प्रारंभ होने से पहले बहुत ही सुंदर राधा कृष्ण की झांकियां निकाली गईं।

इस अवसर पर गणपति महोत्सव के आयोजक मोहित शर्मा ने बताया कि लाजपत नगर के निवासियों के प्यार और सहयोग से गणपति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। लाजपत नगर के सभी सम्मानित जनता ने जो सहयोग और समर्थन दिया उसका फल जल्दी ही सभी भक्तों को प्राप्त होगा, संस्था के चेयरमैन नकुल वर्मा ने सभी भक्तों को सफल आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि आपकी भक्ति में शक्ति को मैं प्रणाम करता हूं। सभी कार्यकर्ताओं को अभिनंदन और बधाई देता हूं कि आपने इतना महत्वपूर्ण आयोजन करके उसको सफल बनाने में सहयोग दिया। हवन के बाद घोड़ा-बग्गी, आतिशबाजी, डीजे की धुन पर शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर अध्यक्ष मोहित शर्मा, महासचिव चेतन ठाकुर, उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, उपाध्यक्ष सुरेश कसाना, अध्यक्ष बिक्रम सिंह बैंसला, अशोक चौधरी, रोबिन भड़ाना, डा नरेंद्र कौशिक आदि लोग मौजूद रहे।

# आज के दौर में बच्चों की परवरिश बेहद कठिन

## मोबाइल का इस्तेमाल, आर्थिक पहलू-आक्रामकता अहम चुनौतियां







**विशेष।** भारत ही नहीं, दुनियाभर में आज के समय में माता-पिता बनना बेहद कठिन और तनावपूर्ण है। बच्चों में बढ़ते मोबाइल फोन के इस्तेमाल (स्क्रीन टाइम), इंटरनेट पर आक्रामक व हिंसक सामग्री से सीधा जुड़ाव, गुस्सैल मिजाज व दवाओं में इस्तेमाल हो रहे केमिकल अभिभावकों का बड़ा डर बन गए हैं। भारतवंशी अमेरिकी सर्जन डॉ. विवेक मूर्ति का कहना है कि ये कुछ ऐसी चिंताएं हैं जिनका तुरंत समाधान नहीं हुआ तो बच्चों की परवरिश माता-पिता के लिए और मुश्किल हो जाएगी।

डॉ. मूर्ति ने माता-पिता के मानसिक स्वास्थ्य पर किए गए शोध में उनके सामने आ रही चुनौतियों की तुलना सिगरेट की लत व एड्स जैसे खतरों से की है। वह मानते हैं कि हमेशा से परिवार की भलाई सबकी प्राथमिकता रही है। लेकिन पिछली पीढ़ी की तुलना में मौजूदा दौर में बच्चों की परवरिश अधिक चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि बच्चों को इंटरनेट व सोशल मीडिया के जरिये जो जानकारी उपलब्ध है उसका उनके दिलो-दिमाग पर असर पड़ता है।

इसके अलावा बच्चे माता-पिता से कुछ अलग व अधिक की मांग करते हैं। डॉ. मूर्ति ने अगस्त के अंत में प्यू रिसर्च सेंटर पर जारी शोध रिपोर्ट में लिखा कि इन अनुचित अपेक्षाओं के पीछे भागने से कई परिवार थके हुए, हताश व हमेशा पिछड़े महसूस करते हैं।

### हथियारों के इस्तेमाल की खबरों से प्रभावित हो रहे बच्चे

शोध के मुताबिक हथियारों के इस्तेमाल की खबरों का असर बच्चों पर होता है।

इससे बच्चों के मन में हिंसक प्रवृत्ति पैदा होती है। इच्छाएं पूरी नहीं होने पर उनका गुस्सा व जिद्दीपन घातक हो जाता है। डॉ. मूर्ति ने सलाह दी कि माता-पिता बच्चों के चिड़चिड़ेपन को शुरूआती दौर में पहचानें।

पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी ने गिनाईं देश की उपलब्धियां

# भारत की वित्तीय संभावनाओं को पूरी तरह नहीं तलाशा गया



**वॉशिंगटन।** पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को कहा कि भारत ने कितनी प्रगति कर ली है, इस बारे में लोगों का काफी कम जानकारी है। इसकी वजह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की वित्तीय संभावनाओं को पूरी तरह से नहीं तलाशा गया है।

**'अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी तरह नहीं तलाशा गया'।** अमेरिका के ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में स्मृति ईरानी ने कहा, 'हमारे देश की वित्तीय संभावनाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी तरह नहीं तलाशा गया है। एक अर्थव्यवस्था के रूप में भारत को निकट दृष्टि से देखा जाता है, मान लीजिए कि इस पर दावोस में चर्चा होती है या (विश्व) बैंक में चर्चा होती है, लेकिन परिचालन के लिहाज से हम कई स्तरों पर अवसर पैदा करते हैं, जो दिखाई नहीं देते।' फिलहाल अमेरिका की अनौपचारिक यात्रा पर आईं ईरानी ने कहा कि भारत ने कितनी प्रगति की है, इस बारे में जानकारी का काफी अभाव है। उन्होंने कहा, 'भारत द्वारा की गई जलवायु कार्रवाई के बारे में अधिक जानकारी नहीं है। इसी तरह, मान लीजिए कि सटीक विनिर्माण में, कृषि आधारित उद्योग में, गलत धारणा यह है कि हमारी अर्थव्यवस्था केवल बड़े व्यवसायों के लिए खुली है।' 844 अरब डॉलर का हो रहा कारोबार पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'वर्तमान में अगर आप हमारे देश के छोटे व्यापारियों को देखें तो 90 प्रतिशत खुदरा व्यापार तथाकथित असंगठित क्षेत्र में होता है। कारोबारी दृष्टिकोण से छोटी दुकानों, जिन्हें दिल्ली में अक्सर 'किराना दुकान' या अमेरिका में 'मॉम-एंड-पॉप' स्टोर कहा जाता है, का कारोबार 844 अरब डॉलर का हो रहा है।'

देश की गिनाईं उपलब्धियां इतना ही नहीं उन्होंने तीन महीने से भी कम समय में वैक्सीन की 2.2 अरब खुराक देने की भारत की उपलब्धि पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, 'वे आश्चर्यचकित थे। जब मैं कहती हूं कि वे, मैं भारत के बाहर किसी की भी बात कर रही हूं विशेष रूप से पश्चिमी दुनिया, हैरान थे कि हम एक एप बना सकते हैं और न केवल खुराक बांट सकते हैं, बल्कि 600,000 गांवों को पता है कि महामारी में क्या करना है।'

# बहस के लिए हैरिस को ट्रेनिंग दे रहीं कैरेन डन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में चल रहे राष्ट्रपति चुनाव में ऐसी शख्सियत सामने आई है, जो एक ओर चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को ट्रंप के खिलाफ बहस के लिए तैयार कर रही हैं। तो दूसरी ओर हैरिस सरकार की ओर से किए गए एक मुकदमे में गूगल की ओर से लड़ रही है। इस शख्सियत के सामने आने के बाद चर्चा का दौर शुरू हो गया। यह चर्चित हस्ती पॉल वीस लॉ फर्म की पार्टनर और वकील कैरेन डन हैं। डन को कमला हैरिस ने अपने अभियान के लिए कोचिंग देने के लिए चुना है। डन ने हाल ही में हैरिस को ट्रंप के खिलाफ होने वाली पहली बहस के लिए तैयार किया था। वहीं दूसरी ओर वह जो बाइडन प्रशासन की ओर से दायर किए गए ऑनलाइन विज्ञापन बाजार पर अवैध रूप से एकाधिकार करने के आरोप में गूगल का बचाव भी कर रही हैं।






# निगम के प्लॉग रन कार्यक्रम में दिखा नागरिकों का उत्साह एकजुट होकर हिंडन घाट पर चलाया सफाई अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम ने स्वच्छता ही सेवा 2024 में प्लॉग रन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में युवा वर्ग ने प्रतिभाग किया। गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग तथा महापौर सुनीता दयाल ने सफाई मित्रों के सराहनीय कार्यों पर उनको प्रशस्ति पत्र भी दिया। उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। प्लॉग रन कार्यक्रम में हिंडन घाट के समीप अभियान के रूप में सफाई भी की गई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने उपस्थित समस्त पार्षदों तथा अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत में युवा पीढ़ी को स्वच्छता के प्रति मोटिवेट भी किया। गाजियाबाद के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## 16 दिनों में स्वच्छता जन जागरूकता के लिए आयोजित होंगे 17 कार्यक्रम : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत 16 दिन के भीतर 17 एक्टिविटी स्वच्छता जागरूकता हेतु करेगा, जिसमें हर वर्ग को जोड़कर कार्य किया जाएगा। अधिकारियों तथा एस बी एम टीम ने कार्य योजना तैयार कर ली है। स्वच्छता की भागीदारी, सफाई मित्र सुरक्षा, जीरो वेस्ट इवेंट, स्वच्छता संवाद, स्वच्छ वार्ड कंपटीशन, स्वच्छ भारत दिवस व अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 26 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर तक 155 घंटे का लगातार महासफाई अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें युवा वर्ग का विशेष सहयोग रहेगा।




## गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग तथा महापौर ने दिलाई स्वच्छता की शपथ, हिंडन घाट पर किया पौधरोपण

**करंट क्राइम।** हिंडन घाट पर प्लॉग रन कार्यक्रम में स्वच्छता का संदेश देते हुए हवा में गुब्बारों को छोड़ा गया। हम सबका हो यह सपना, स्वच्छ हो संपूर्ण भारत अपना का संदेश देते हुए सेल्फी भी हुईं। महापौर सुनीता दयाल तथा सांसद अतुल गर्ग ने हिंडन घाट पर पौधरोपण करते हुए शहरवासियों को भी जागरूक किया। कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, व्यापारी वर्ग, शिक्षा संस्थान व कई सामाजिक संस्थाओं ने भी हिस्सा लिया। 2 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रम में लगातार इसी प्रकार शहर में स्वच्छता को लेकर अभियान जारी रहेगा। इसके लिए नगर आयुक्त ने युवा वर्ग का आह्वान किया।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान, 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का किया शुभारम्भ

## स्वच्छ भारत के लिए पीएम मोदी ने बनाया स्वच्छता अभियान को जनांदोलन : कांता कर्दम

**गाजियावाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ के दौरान नवयुग मार्केट स्थित शहीद पथ स्थल पर स्वच्छता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष कांता कर्दम के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। शहीद स्थल पर शहीदों की मूर्तियों व स्थल को साफ कर उनका मल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

इस दौरान कांता कर्दम ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के निर्देशानुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर स्वच्छता अभियान को आम जनता ने एक जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया है।

प्रधानमंत्री के स्वच्छता आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए हमें एक आदत बनाकर अमल करना होगा। अपने व्यवहार में स्वच्छता के साथ ही अपने आसपास भी स्वच्छता रखना चाहिए। स्वच्छता के तीन प्रमुख स्तंभ हैं। पहला-आमजनता की भागीदारी, दूसरा-स्वच्छता के लिए श्रमदान और तीसरा स्तंभ है सफाई मित्र। सुरक्षा शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच और सामाजिक सुरक्षा पर केंद्रित गतिविधियों का संचालन। स्वच्छता का काम सिर्फ सरकार के भरोसे नहीं किया जा सकता है। इसके लिए पूरे समाज को आगे आना होगा। उन्होंने अपील की कि 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' में बढ़-चढ़कर स्वेच्छा से हिस्सा लें।




## स्वच्छता सेवा पखवाड़ा 2 अक्तूबर तक चलेगा : संजीव शर्मा

**करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन 2 अक्तूबर तक महानगर में होगा। सेवा पखवाड़ा के तहत नगर, गांव, गली, मोहल्लों, चौपालों समेत सार्वजनिक स्थानों पर सेवा कार्य किया जाएगा। आज सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा, डॉक्टर केशव त्यागी, अरविंद भारती, महेश अग्रवाल, सरदार एसपी सिंह, डॉक्टर वीरेश्वर त्यागी, वरिष्ठ पार्षद अनिल स्वामी, प्रदीप चौहान, महामंत्री पप्पू पहलवान, सुशील गौतम, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, रनिता सिंह, कुलदीप त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, संजीव झा, राजीव अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष उदिता शर्मा, लवली कौर, किरण सिंह, मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, वीरेंद्र सारस्वत, राजेंद्र तितौरिया, सचिन डेढ़ा, हरप्रीत सिंह, पंकज भारद्वाज, राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को दुहाई इंटरचेंज पहुंचे और यहां उन्होंने पौधारोपण किया। इस दौरान यहां पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह और मुरादनगर के भाजपा नेता केडी त्यागी भी मौजूद थे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने इस दौरान भाजपा नेता केडी त्यागी की विशेष मुलाकात केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से करायी। ये मुलाकात काफी सुखद रही और बताते हैं कि इस मुलाकात के दौरान नितिन गडकरी भी काफी सहज नजर आये और उन्होंने केडी त्यागी से बात भी की।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि चाहते तो ब्लैकन भैया चले जाते सुबह-सुबह नगर निगम वाले कार्यक्रम में? वो भी कराना चाहते थे अपनी उपस्थित दर्ज? राजनीति के मामले में वो रहते हैं बहुत ज्यादा बारीक? निभाते हैं वो अपनी पार्टी के प्रति समर्पण का फर्ज? किसी ने कहा आप क्यों नहीं जा रहे हैं निगम के कार्यक्रम में, ये कार्यक्रम तो सरकारी है? ब्लैकन भैया ने कहा वहां जाकर मैं क्या करूंगा? अधिकारियों को छोड़कर वहां पर सारे भगवाधारी हैं?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में हुआ नगर निगम का स्वच्छता का प्रोग्राम? ये प्रोग्राम कितना महत्वपूर्ण था, इसकी बानगी पेश कर रही थी मेयर-सांसद और नगर आयुक्त की मौजूदगी श्रीमान? कहने वाले ने कहा इस कार्यक्रम में दिया जाना था स्वच्छता का संदेश? हमने देखा नदिया पार के इस कार्यक्रम में दिखाई दिया सिर्फ मैम्बर के रूप में सतेन्द्र चौधरी का फेस? कहने वाले ने कहा ना जाने क्यों बाकी पार्षद बना गये इस आयोजन से दूरी? या तो सूचना नहीं थी, या किसी ने आना समझा नहीं जरूरी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था कार्यकारिणी चुनाव में मौजूद? यहां पर पूरी मजबूती से दिख रहा था टी-सीरीज के तीनों 'टी' का वजूद? मैंने देखा एक नजारा खास? हैवीवेट वालों के प्रिय एक 'टी' ले रहे थे रेस्लर का आशीर्वाद? पहले तो मैंने सोचा कहीं मुझे हो तो नहीं रही है कोई गलतफहमी? फिर मैंने अपनी आंखों को मसल-मसल कर उसकी क्लीयरिटी बढ़ाई? फिर कहीं दूर हुई मेरे दिमाग की गहमा-गहमी? टी-सीरीज के एक 'टी' ही ले रहे थे रेस्लर का आशीर्वाद? देखते ही बन रहा था ये नजारा बेहिसाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैम्बर मलिक भैया का आजकल निगम की गतिविधियों में दिखाई नहीं देता है फेस? सुना है वो व्यापारी हो गये हैं बड़े? दिल्ली में भा गया है उनको काम स्क्रेप? कर दिया है उन्होंने अब पूरी तरह व्यापार पर फोकस? तोड़ दिया है उन्होंने अब जनप्रतिनिधि वाला कोकस? कहने वाले ने कहा अगर निगम की बैठकों में वो नहीं उठायेंगे जनता की आवाज? तो फिर क्षेत्र का कैसे होगा विकास? हम चाहते हैं वो दें अब व्यापार पर ही ध्यान? दे दें किसी और को अब मैम्बर बनाने का पैगाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जैसे ही सम्पन्न हुआ कार्यकारिणी चुनाव? वैसे ही खिलखिला गया राजीव भैया का चेहरा? उनके खुशी के भाव करा रहे थे किसी पर जीत का एहसास? तभी हो गये उनके प्रिय प्रवीण भैया भी मौके पर प्रकट? उन्होंने अपने दिल के अरमान पेश कर दिये भगवा कमांडर के निकट? कहा मेरा दिल चाहता है कि राजीव भाई को मिलना चाहिए फिर से उपाध्यक्ष वाला मौका? ये सुनकर कमांडर के चेहरे पर आई मुस्कान? वो बोले आप मेयर साहब से अनुमति करा देना? हमने आखिर कहां है किसी को रोका?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब प्रवीण चौधरी ने राजीव शर्मा को उपाध्यक्ष बनाने के लिए किया था अपने जज्बातों का इजहार? तब शायद उनकी नजर नहीं पड़ी थी मैम्बर अमित भैया पर यार? मगर अमित भैया ने कान खोलकर सुने प्रवीण चौधरी के शब्द? तभी उन्होंने सीट छोड़ने में नहीं लगाया वक्त? तुरंत चले गये वो अपना फेस लेकर प्रवीण चौधरी के पास? कहा शायद आपने हमें नहीं देखा होगा? तभी आपके आयें हैं कुछ और ही अल्फाज? हमने देखा प्रवीण चौधरी ने कुछ ज्यादा नहीं किया त्यागी जी को एंटरटेंट? ऐसा एहसास कराया कि जैसे दिल में लगाया हो उन्होंने कोई बैन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम वाले भगवा चौहान के पास है ऐसा मंत्र? जिसको ये मंत्र वो नगर निगम में पढ़ा देते हैं, उसका मामला हो जाता है तंत? मंत्र पढ़ने के बाद बन जाती है सामने वाले की बात? कभी ना कभी वो चेहरा निगम के सदन में जगह बना लेता है साहब? कहने वाले ने कहा अपने इस मंत्र का आज तक नहीं खोला है मिस्टर चौहान ने राज? उनके इस मंत्र की चर्चाएं कार्यकारिणी वाले चुनाव में चल रही थी बेहिसाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम निकले जब चुनाव सम्पन्न कराकर नगर निगम से बाहर? तब हमने देखा कि भगवा रैड फेस मैन हो रहे थे अकेले ही कार में सवार? हमें गागर में सागर भरने वाले नागर के बिना सूनी लग रही थी उनकी कार? ऐसा लग रहा था जैसे गाड़ी में स्टेयरिंग तो है मगर एक्सिलेटर नहीं है यार? कहने वाले ने कहा बहुत दिनों से ऐसा ही दिख रहा है हमको सीन? मिस्टर नागर आजकल उनके साथ ज्यादा दिखाई नहीं दे रहे हैं? ये सबकुछ बाईचांस हैं या कोई किस्सा है संगीन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यकारिणी चुनाव में इन्दिरापुरम हैंडओवर वाले मामले में मेयर और कमांडर ने दी इन्दिरापुरम वाले पार्षदों को बधाई? हमने देखा चारों पार्षद एक थे और संजय भैया का चेहरा यहां पर भी जुदा-जुदा सा दे रहा था दिखाई? फिर यहां पर की किसी ने दूरियों की बात? इस बात पर संजय सिंह ने दिया खुलकर जवाब? कहा हम सब एक ही हैं श्रीमान? अफवाहों पर मत दो आप ध्यान? हर किसी के होते हैं कुछ जख्म? सुना है इस बात को सुनकर धीरज अग्रवाल ने जवाब दिया? कहा दवा हमारे पास है, आप कहो तो इन जख्मों को दूर करने का हम कर सकते हैं प्रयत्न?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था निगम के इन्दिरापुरम वाले कार्यक्रम में मौजूद? यहां पर ताकतवर मैडम और बड़े वाले साहब का दिख रहा था वजूद? कहने वाले ने कहा भांपने वाले बारीकी से हर चीज को रहे थे भांप? कह रहे थे साहब ने स्वागत श्रृंखला में चला दांव खास? उन्होंने ताकतवर मैडम का कराया किसी और से स्वागत? दे दिया संदेश कि जब दूध होता है गरम तो फिर छाछ को फूंक-फूंक कर पीने का करना पड़ा है करम?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।